इसलिए मैं दो तीन बातों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। मैं हमेशा से कहता रहा हूँ और पिछले सैशन में भी मैंने यह बात कही थी कि नॉर्दर्न हरियाणा को भी पानी की जरूरत है। आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने साउदर्न हरियाणा की प्यास तो बुझा दी है लेकिन नॉर्दर्न हरियाणा में कितना नहरी पानी मिलता है इस बात पर गौर करने की जरूरत है। मेरे डिस्ट्रिक्ट में लिफ्ट इरीगेशन स्कीम के तहत एक नहर निकलती है वह 167 क्यूसिक कैपेसिटी की नहर है लेकिन वह नहर इस समय 65 क्यूसिक पानी ही लिफ्ट कर रही है। उस नहर की कैपेसिटी इतनी ज्यादा नहीं रही है इसलिए उसको बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी तरह से मैं माननीय मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूँ कि मंसूरपुर लिफ्ट इरीगेशन स्कीम पिछले छः साल से अधूरी पड़ी है। इसका अर्थ वर्क हो चुका है लेकिन अभी तक उस पर पम्प नहीं लगे हैं और किसी कारणवश यह नहर नहीं बन रही है। इसलिए इस तरफ भी ध्यान दिया जाए। नन्यौला माईनर पूरी तरह से टूटी हुई है उसकी कम्पलीशन तथा रिपेयर की जरूरत है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि सरकार जो दादूपुर नलधी नहर बनाने जा रही है उसके लिए पैसा कम रखा गया है। इस नहर की बहुत ज्यादा जरूरत है इसलिए इसके काम को स्पीड-अप किया जाए और इसे जल्दी बनाया जाए। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही हमारे सीजनल वाटर लैवल को ठीक रखने के लिए काम किया जाना चाहिए। इसी तरह से शहजादपुर से ताजेवाला तक भी एक नहर निकाली जा सकती है। अगर ऐसा होगा तो वाटर लैवल की हमारी दिक्कत हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो सकती है। अगर इस बात पर गौर करें तो यह बात भी सिरे चढ़ सकती है। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, अम्बाला में पशुपालन विभाग का एक पोलीक्लीनिक बना हुआ था और चौटाला जी के राज में वे उसको सिरसा में ले गए थे। इस पोलीक्लीनिक की अम्बाला में भी जरूरत है। जब हम इस बारे में महकमें वालों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि यहां पर कोई कर्मचारी/अधिकारी आना नहीं चाहता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि वहां पर सारा इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है लेकिन वहां पर जो पोस्टस खाली पड़ी हुई हैं, उनको भरकर दोबारा से पशुओं के लिए पोलीक्लीनिक खोलने का प्रावधान किया जाए। अध्यक्ष महोदय, मेरी कांस्टीचुएंसी में 165 गांव आते हैं और इसकी लम्बाई टोटल 77 किलोमीटर की है। आपको मेरी कांस्टीचुएंसी के लिए भी ज्यादा फंड रखना चाहिए और इसका विशेष ध्यान सरकार को रखना चाहिए। इसी के साथ मेरे यहां पर 3 टबीन गांव हैं और वहां की आबादी 50 हजार के करीब है। वहां के लोगों की मांग हैं कि वहां पर एक होस्पिटल बनाया जाए। मैं वहां की पंचायतों से बहन जी को एक रैजोल्यूशन भिजवा दूंगा। अध्यक्ष महोदय, मेरे से पहले बोलते हुए व्यक्तियों ने भी इस बारे में प्रकाश डाला है कि डिस्ट्रिक्ट अम्बाला में कोई ऐसी स्कीम बनाएं जिससे वहां के लोगों को फायदा हो। अम्बाला डिस्ट्रिक्ट बहुत पुराना डिस्ट्रिक्ट है और यहां के लोगों का ध्यान प्लांटेशन की तरफ है। इस वजह से हमारी बिजली और पानी की बहुत बचत होती है। यहां पर हर बार जीरी और कनक बहुत ज्यादा हो जाती है। सरकार को चाहिए कि वहां पर लोगों को सस्ते लोन दिलवाएं ताकि लोग प्लांटेशन की तरफ आकर्षित हों। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए अपने स्थान पर बैठता हूँ। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सुरजभान सिंह (रोहट) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ और इस बजट का अनुमोदन भी करता हूँ। यह जो इस साल का बजट है यह सभी वर्गों के लिए है। पिछले 40 सालों में हरियाणा में जो-जो काम नहीं हुए थे वे सभी काम इस सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल में ही कर दिए हैं। जनता में इस सरकार पर विश्वास बढ़ा है। इस सरकार ने इस बजट में ऐजूकेशन पर बहुत ध्यान दिया है। (विघ्न)

Mr. Speaker : No running commentry while sitting. Please maintain decorum of the House.

श्री सुखबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से ऐजूकेशन मिनिस्टर का ध्यान खरखौदा में एक वूमैन कॉलेज की ओर दिलाना चाहूँगा। वह कालेज 50 गांवों के बीच में बना हुआ है। अध्यक्ष महोदय, काफी संघर्ष के बाद हमने उस कॉलेज को बनाया था अब उसको चलाने में बहुत मुश्किल हो रही है। मेरा आपसे निवेदन है कि सरकार उस कॉलेज को अपने अण्डर में लें ताकि वह कॉलेज सुचारू रूप से चल सके। अध्यक्ष महोदय, फरमाना गांव में वूमैन्ज के लिए एक आई०टी०आई० खोली गई थी लेकिन चौटाला सरकार के राज में उसको बंद कर दिया गया था। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि उस आई०टी०आई० को दोबारा से खोला जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि चौटाला सरकार के राज में जो-जो काम गलत हुए हैं उनको ठीक किया जाए। इसके साथ ही मुरथल में इंजीनियरिंग कॉलेज है उसकी तरफ भी सरकार को ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए क्योंकि सोनीपत डिस्ट्रिक्ट में एक ही सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज है। अध्यक्ष महोदय, बिदलान गांव में हमने बहन जी से एक पी०एच०सी० खोलने के बारे में कहा था और वह मंजूर भी हो गई है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से बहन जी से निवेदन है कि उस पी०एच०सी० का जल्द से जल्द नींव-पत्थर रखा जाए। अध्यक्ष महोदय, फरमाना गांव बहुत बड़ा गांव हैं और वहां पर बहुत पुरानी एक पी०एच०सी० है उसको सरकार सी०एच०सी० में बदलने का कष्ट करे। अध्यक्ष महोदय, फरमाना से आवली गांव तक की सड़क बनाई जाए। उसके बारे में हुड्डा साहब से भी कहा गया था और तायल साहब ने भी इस बारे में एक नोट लिखा था, लेकिन पता नहीं वह नोट कहां पर चला गया है? अध्यक्ष महोदय, तकरीबन, एक साल हो गया लेकिन उस सड़क पर काम नहीं हुआ। वह सड़क बनाना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसी तरह से सोनीपत से जींद के लिए रेलवे लाईन बनना भी जरूरी है। सांगवान साहब सोनीपत से तीन बार एम०पी० रह चुके हैं लेकिन आज तक उस लाईन का कोई सर्वे नहीं हुआ है। वे कहते हैं कि वह मंजूर हो गयी है। स्पीकर साहब, अगर वह मंजूर हो गयी है तो उसके लिए पैसा दिया जाए। हुड्डा साहब, अगर आप इसका भी काम करवा देंगे तो आपका नाम भी उस रेलवे लाइन पर लिखा जाएगा और इसके बाद बी०जे०पी० की चुनावों में जमानत जब्त हो जाएगी। स्पीकर सर, नहरों में जो मौघे लगाये हैं वह बहुत तंग हैं इसलिए हर किसान इसकी शिकायत करता है कि पानी तो दे दिया लेकिन मौघों के तंग होने की वजह से उनको दिक्कत आ रही है। यह बात सही है कि अब नहरों में पानी आया है लेकिन अगर मौघे तंग हैं तो यह पानी देने का कोई फायदा नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहूँगा कि इन मौघों को चौड़ा किया जाए। इसी तरह से सिसाना से सेहरी सड़क भी टूटी हुई है इस सड़क पर 6-7 साल से रोड़े पड़े हुए हैं जिसकी वजह से पशुओं और आदमियों के पैर कटने लग रहे हैं। जब हम इस सड़क को बनाने के बारे में कहते हैं तो कभी तो हमसे यह कह दिया जाता है कि यह सड़क पंचायत राज विभाग के अंडर हैं और कभी यह कह दिया जाता है कि यह सड़क पी०डब्ल्यू०डी० (बी०एण्ड आर०) के अंडर है। मेरा कहना है कि इस सड़क को भी तुरन्त बनवाया जाए। स्पीकर सर, वैसे तो सारी डिमांड्ज हुड्डा साहब ने मान ली है। हमारे यहां पर बस स्टैंड बनवा दिया है, दस जगह दो का स्कूल भी हो गया है और गांवों की छतों के ऊपर से जाने वाली तारों को भी हटवा दिया है या जो बदलने वाली तारें थीं उनको भी बदलवा दिया गया है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि यह सरकार दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करें। मैं हुड्डा साहब का भी और आपका भी धन्यवाद करता हूँ।

Mr. Speaker : Now, Naresh Malik will speak. But Malik Sahib B.J.P. has

already taken about 32 minutes. मलिक साहब, आपकी पार्टी के सदस्य गौतम साहब ने 32 मिनट पहले ही बोलने के लिए ले लिए हैं इसलिए अब आप 6 मिनट में अपनी बात समाप्त करो।

श्री नरेश मलिक (हसनगढ़) : स्पीकर साहब, धन्यवाद आपका। 6 मिनट में तो मैं विधान सभा के बारे में ही बोल पाऊंगा।

श्री अध्यक्ष : मलिक साहब, आप तजुर्बेकार आदमी हैं इसलिए आप 6 मिनट में सारे सुझाव दे सकते हैं सारी बातें कह सकते हैं।

श्री नरेश मलिक : अध्यक्ष महोदय, मैं दो तीन बातें ही कहना चाहता हूँ। एक तो मैं बिजली के बारे में कहना चाहूँगा। बजट में नये बिजली प्रोजैक्ट्स लगाने के बारे में कहा गया है। लेकिन मुझे एक बात समझ में नहीं आती कि केवल एक फरीदाबाद का प्रोजैक्ट ही ऐसा है जिस पर अभी काम चल रहा है जबकि बाकी प्रोजैक्टस के लिए किसी न किसी प्राईवेट कम्पनी के साथ समझौते हुए हैं। स्पीकर साहब, सबसे कम खर्चा बिजली बनाने में पानी से होता है फिर गैस से होता है और फिर कोयले से होता है। इसलिए इन प्रोजैक्टस पर कम से कम 25 या 30 हजार करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। जैसा मुख्यमंत्री जी ने बताया कि 9 हजार मेगावाट बिजली की जरूरत है और चार हजार मेगावाट बिजली ही इस समय हरियाणा में उपलब्ध है इस तरह से चार हजार मेगावाट बिजली का गैप होगा। स्पीकर सर, मैं वित्त मंत्री जी से और मुख्यमंत्री जी से एक बात कहना चाहता हूँ कि प्राईवेट कम्पनियों के साथ जो समझौते हुए हैं वह किस आधार पर हुए हैं? मेरे ख्याल से सदन को इस बारे में कुछ नहीं पता है कि अगर ये प्रोजैक्टस लगाएंगे तो इनके लिए गैस कहां से लाएंगे या इनसे बनने वाली बिजली का डिस्ट्रीब्यूशन सरकार खुद करेगी या ये कम्पनियां स्वयं करेंगी? इसलिए मेरा कहना है कि सदन को इस बारे में थोड़ा जरूर बताया जाए। अध्यक्ष महोदय, सारे भाइयों ने बजट की तारीफ की। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि सैंट्रल गवर्नमैंट ने पंजाब के कृषि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये बजट में रखे हैं। हमारे हिसार में जो एच०ए०यू० है उसने हजारों लोगों को शिक्षित किया है लेकिन केन्द्र सरकार ने हरियाणा जो सारे देश में नम्बर दो का प्रांत है, उसके लिए कुछ नहीं सोचा। इसके अलावा मेरा मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि जो एन०सी०आर० जोन में डिवल्पमैंट के लिए उन्होंने कहा है, मेरा इसके बारे में सुझाव है कि नोएडा की तर्ज पर एन०सी०आर० के विकास के लिए भी एक बोर्ड बना दिया जाए। इससे प्रदेश के लोगों को सुविधा होगी। इसके अलावा सरकार जो रोहतक तक फोर-लेन का हाई-वे बनाने जा रही है उसके लिए बजट में भी कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। शायद इसके लिए तो भारत सरकार ही पैसा देती है। सांपला में चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने एक बहुआयामी प्रोजैक्ट के लिए आधारशिला रखी थी लेकिन आज उस पत्थर का पता नहीं है। इस बारे में मुझे नहीं मालूम कि वह प्रोजैक्ट क्या था? पिछले दिनों चौटाला साहब ने रैली में उसके बारे में कहा था। इसके बारे में मैं कहना चाहूँगा कि अगर ऐसी कोई योजना है तो उसको जरूर चालू किया जाये। इसके अलावा सांपला सी०एच०सी० में जब मैं एक दिन रात को अढ़ाई बजे गया तो वहां पर ताला लगा हुआ था। सिर्फ चौकीदार और एक नर्स ही वहां पर मौजूद थे वह नर्स कहने लगी कि भाई मैं तो आपके गौत्र की हूँ। सर, मेरे पास इसकी वीडियो रिकार्डिंग है। वहां पर ऐसी हालत है कि न तो कोई बैड है और बिल्डिंग भी जर्जर हालत में है। मैं चाहूँगा कि इस बारे में ध्यान दिया जाए। इसके बाद मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि सांपला में एक आई०टी०आई० खोलने की भी कृपा करें क्योंकि वहां पर लोकल बच्चे टैक्नीकल शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो जाते हैं जिसके कारण बाहर के बच्चे वहां के कारखानों में नौकरी लगते हैं। पाकसमा माईनर के बारे में भी मैं कहना चाहूँगा।

[श्री नरेश मलिक]

इस माईनर के बारे में चौटाला साहब ने भी घोषणा की थी लेकिन वह आज तक नहीं बना है। इसके एस्टिमेट्स कई बार बन चुके हैं इसलिए मेरा अनुरोध है कि इसको भी बनाया जाए और उस क्षेत्र को पूरा पानी दिया जाए। धन्यवाद।

श्रीमती गीता भुक्कल (कलायत एस०सी०) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और माननीय वित्त मंत्री श्री बीरेन्द्र सिंह जी का धन्यवाद करती हूँ और उन्हें बधाई देती हूँ कि उन्होंने एक अच्छा बजट यहां पर पेश किया है। मैं उस बजट का समर्थन करती हूँ। जब से हरियाणा में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार बनी है।

11.00 बजे

श्री अध्यक्ष : बहन जी, आपके बोलने का समय 6 मिनट है।

श्रीमती गीता भुक्कल : अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस पार्टी का यह नारा रहा है कि कांग्रेस पार्टी का हाथ आम आदमी के साथ और यह बजट उसी नारे को ध्यान में रखते हुये ही बनाया गया है जिसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। बजट में सबसे ज्यादा पैसे का प्रावधान सोशल सैक्टर के लिये किया गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी टॉप प्रायोरिटी पर रखा गया है। जब से हरियाणा बना है, मैं समझती हूँ कि यह पहली सरकार है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने और वित्तमंत्री जी ने एक विजन रखा है और सोशल सैक्टर में तकरीबन 1568.92 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है जो टोटल प्लान एलोकेशन का 47.54 प्रतिशत है। सोशल सैक्टर की जहां तक बात करें, इसमें बुढ़ापा पैंशन, हैंडीकैप्ड पैंशन, बेरोजगारी भत्ता यानि सभी तरह की पैंशंज को इसमें शामिल किया गया है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में पहले प्रथा यह थी कि Haryana will follow Punjab लेकिन माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में इस सरकार ने ऐसे अच्छे निर्णय लिये हैं और बजट में उनके लिये पैसे का प्रावधान किया है। अब ट्रैंड चेंज हो गया है और नया ट्रैंड बना है कि Punjab will follow Haryana. हमारे बहुत से ऐसे निर्णय हैं जिनको पंजाब फोलो कर रहा है। जैसे चौकीदारों के भत्ते की बात है या नम्बरदारों के भत्ते की बात है पंजाब ये सब प्रावधान अपने यहां हरियाणा की तर्ज पर करने जा रहा है। इसके अलावा वूमैन सैक्शन पर भी बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2006 को बालिका वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रिय-दर्शनी विवाह शगुन योजना सरकार ने शुरू की है और लाडली स्कीम भी शुरू की है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्कूल अध्यापकों की भर्ती तथा हरियाणा आवास बोर्ड की आवास योजना में 33 प्रतिशत का आरक्षण भी दिया गया है और मकानों और प्लाटों की रजिस्ट्रेशन के लिए स्टैम्प ड्यूटी में भी उनको छूट दी गई है। अध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य की सेवाओं की तरफ भी हमारी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। स्वास्थ्य की सेवाओं के लिये हैल्पर लगाये गये हैं ताकि स्वास्थ्य की सेवाओं को न केवल शहरों तक बल्कि गाँवों तक भी पहुंचाया जाये। इसके लिये मैं सरकार का धन्यवाद करती हूँ। अध्यक्ष महोदय, मेरा एक छोटा सा सुझाव है कि जितने भी हमारे सैल्फ हैल्प ग्रुप हैं चाहे वे आई०सी०डी०एस० के हैं या पंचायती राज के हैं उनके आफिशियल्ज के लिये ओरिएन्टेशन कैम्पस का आयोजन किया जाये ताकि उनको नये तरीकों की जानकारी हो सके। अध्यक्ष महोदय, महिला शौचालयों को बनाने की बात पिछले बजट में भी कही गई थी लेकिन इस बजट में महिला शौचालयों को बनाने के लिए अलग से पैसे का प्रावधान नजर नहीं आता। महिला विधायक होने के नाते इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि गाँवों में महिलाओं के लिए शौच जाने की बहुत समस्या होती है। भारत सरकार की टोटल सैनीटेशन स्कीम के तहत हरियाणा में पैसा आ रहा है और मैं चाहूंगी कि इस बजट में भी महिला शौचालयों को बनाने के लिये अलग से पैसे का प्रावधान किया जाए। अभी

जो 600 रुपये एक शौचालय को बनाने के लियें दिया जाता है वह पैसा बहुत कम है। महिलाओं के शौचालयों से संबंधित बहुत सी समस्याएं हैं। ऐसे बहुत से इंसीडैंट्स हैं जिनको महिला शौचालय बनाकर दूर किया जा सकता है। यह वर्ष बालिका वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए इस ओर सरकार अवश्य ध्यान दे। अध्यक्ष महोदय, अब मैं पीने के पानी के बारे में बात करना चाहूंगी। सरकार ने पीने के पानी के अच्छे प्रबन्ध किए हैं और मेरे क्षेत्र कलायत को भी पाँच करोड़ रुपये पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिये दिए हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि हमारी सरकार ने वचन दिया था कि हरिजनों की बस्तियों में पीने का पानी पहुंचाया जायेगा। अब भी बहुत से ऐसे गाँव हैं जहां पर हरिजनों की बस्तियों में पानी नहीं है। ऐसा क्या कारण है कि जब एक गाँव में पानी की टंकी बनती है तो हरिजन बस्तियों में पानी पहुंचाने में क्या दिक्कत है ? इस तरफ सरकार ध्यान दे और हरिजन बस्तियों में भी पानी पहुंचाये। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा एस०सीज० और बी०सीज० के हितों के लिए हमारी सरकार ने बहुत अच्छे निर्णय लिए हैं। प्रिय-दर्शनी शगुन योजना के तहत कन्यादान की राशि 5000 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये की गई है। हाऊस बनाने की ग्रांट, 10000 रुपये से बढ़ाकर 50000 रुपये की गई है। इसके अतिरिक्त डॉ० अम्बेडकर मेधावी योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति देने का कार्य किया है और 85वां संशोधन लागू करके सरकार ने बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। इसके लिये मैं अपनी सरकार को बधाई देती हूं और धन्यवाद करती हूं। इसके अतिरिक्त पुस्तकों व लेखन सामग्री का भी गरीब बच्चों के लिए प्रावधान किया गया है। अध्यक्ष महोदय, ये सब कार्य हमारी सरकार में ही संभव हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगी कि इन्होंने 50 लाख रुपये का प्रावधान एच०आर०डी०एफ० के तहत विधायकों के हल्कों के लिये किया है जिससे वे अपने हल्कों में विकास कार्य करवा सकते हैं। जहां तक पंचायतों को स्ट्रैंथन करने की बात है एक डैमोक्रेटिक सिस्टम में जो हमारे जिला परिषद, ब्लॉक समितियां और पंचायत लेवल की संस्थाएं हैं, हमारी सरकार ने बजट में अलग से उनके लिए पैसे का प्रावधान करके उनको भी मजबूत किया है और उनके कामकाज को पूरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से पेश किया गया है। हमारे यहां पर पॉवर की बात की जा रही है। पॉवर की कमी का हमें जो आज सामना करना पड़ रहा है वह सब पुरानी सरकारों का किया धरा था। आज हमें बिजली के संकट से जूझना पड़ रहा है यह संकट पिछली सरकारों की नीतियों के कारण है। हमारी सरकार ने बनते ही जो चार पॉवर स्टेशनों का कार्य शुरू करवाया है उसके लिए हमारी सरकार बधाई की पात्र है। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत हर गाँव में बिजली पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं यह मांग करूंगी कि कुछ ऐसे बैकवर्ड ऐरियाज हैं खासतौर पर कलायत जैसे क्षेत्र जिनके लिए एक पैकेज की घोषणा जरूर की जा सकती है ताकि उन पिछड़े हल्कों को भी उन्नत हल्कों के बराबर लाया जा सके। स्पीकर सर, जहां तक ट्रांसपोर्टेशन की बात है, 'सारथी' नामक जो बस सेवा शुरू की गई है यह बहुत ही अच्छी बात है। हमारे साथी राव दान सिंह जी ने यह बात कही थी कि हरियाणा रोडवेज की बस देखते ही आम नागरिक इसकी ओर आकर्षित होता है क्योंकि यह समझा जाता है कि हरियाणा रोडवेज की सेवा सबसे अच्छी है। इसके लिए भी मैं सरकार का धन्यवाद करती हूं और बधाई देती हूं। खासतौर से मैं सरकार को इस बात के लिए बधाई देती हूं कि हमारे कलायत बस अड्डे की जो 36 साल पुरानी मांग थी उसको हमारी सरकार ने माना है और बजट में उसके लिए पैसे का प्रावधान किया है। अध्यक्ष महोदय, सरकार से मेरी एक रिक्वैस्ट और है कि 'सारथी' नाम की बस सेवा हिसार चण्डीगढ़ तथा हिसार सिरसा तक चलाई जाए। अध्यक्ष महोदय, क्वालिटी ऐजूकेशन में सुधार को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी, मैं आपसे पुरजोर तथा हाथ जोड़कर प्रार्थना करती हूँ कि इस बार आपने इस वर्ष को 'बालिका वर्ष'

[श्रीमती गीता भुक्कल]

घोषित किया है। हमारा कलायत हल्का ऐजूकेशन में बरसों-बरसों से पिछड़ा हुआ रहा है इसलिए इस तरफ भी ध्यान दिया जाए। (विघ्न) जहां तक शिक्षा की बात है, कलायत क्षेत्र शिक्षा के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र रहा है। यहां पर गरीब जनता ने पैसा इकट्ठा करके नौ एकड़ लैण्ड पर कपिल मुनि महिला कॉलेज के नाम पर एक बिल्डिंग तैयार की है। हम लोग यह मांग करते हैं कि किसी भी तरह से किया जाए लेकिन इस वर्ष पिछड़े हुए कलायत हल्के को एक तोहफा दिया जाए तथा इस कॉलेज को गवर्नमैंट टेकओवर करके वहां पर आई०टी०आई० बनाए, पॉलिटैक्निक कॉलेज बनाए या कुछ न कुछ वहां पर जरूर बनाएं। जब भी पिछड़े हुए हल्के के विकास की बात आए तो कलायत क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं धन्यवाद करती हूं पर-कैपिटा इन्कम के हिसाब से हरियाणा प्रदेश देश भर में नम्बर वन राज्य है। इसी तरह से हमारी सरकार यदि अपना बजट पेश करती रही और जनकल्याण के कार्यों में कार्य कुशलता से काम करती रही तो शीघ्र ही हमारा प्रान्त देश का नं० 1 राज्य बनेगा। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करती हूं।

श्री शेर सिंह (जुलाना) : स्पीकर महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया। मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ। मैं आपको बताना चाहूँगा कि मैंने पाँच बजट पिछली सरकार के देखे हैं और अपनी सरकार का यह दूसरा बजट भी देख रहा हूँ। पिछली सरकार के समय के जो बजट मैंने देखे हैं मैंने उनमें यह पाया है कि वे बजट स्टीरियो टाईप हुआ करते थे और लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं हुआ करते थे। अभी जो दो बजट हमारी सरकार ने प्रस्तुत किए हैं पिछले साल और इस साल यह एक वैल्फेयर स्टेट के लिए एक बहुत बड़ा मोड़ है। हमारा संविधान जब बनाया गया था तो उस समय हमारे संविधान निर्माताओं की यह आकांक्षा थी कि हमारा समाज अग्रसर हो और देश में तथा प्रदेश में जो सरकारें बनें वे समाज कल्याण के लिए बनें। यह एक बहुत बड़ा अच्छा और कल्याणकारी बजट है। इस बजट में जितने पैसे का प्रावधान किया गया है वह ज्यादातर सोशल सैक्टर में दिया गया है। लगभग 50% बजट कल्याणकारी कार्यों के लिए रखा गया है। जब तक इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं होगा विकास की कोई भी चीज तब तक लागू नहीं की जा सकती है। इस बजट के बारे में जितना भी वर्णन किया जाए, जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। यह बजट लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरा है और लोगों का विश्वास इस सरकार पर बढ़ रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि किसी भी कार्यक्रम को, किसी भी संस्था को किसी भी समाज को अगर आगे बढ़ाना है तो कानून-व्यवस्था का बहाल होना अत्यावश्यक है। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में एक बात कहना चाहूंगा कि आज दो चीजों पर हिन्दुस्तान टिका हुआ है एक किसानों पर और दूसरा जवानों पर। 'जय जवान और जय किसान' का नारा इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिया गया था। आज जो जवान पैरामिल्ट्री फोर्सिज और आर्म्ड फोर्सिज में जाते हैं वे गाँवों के गरीब और किसान आदमियों के बच्चे ही जाते हैं, लोअर तबके के बच्चे ही जाते हैं। अधिकारी वगैरा तो बड़े लोग आ जाते हैं लेकिन जो जवान हैं वे लोअर तबके से ही भर्ती होते हैं। इस सरकार की तरफ से उनके लिए जो काम किया गया है उसकी वजह से उन लोगों का मनोबल बढ़ा है और इस सरकार की उस बारे में चारों तरफ तारीफ की जा रही है। अध्यक्ष महोदय, पहले हमारे यहां पर ज्वायंट फैमिलीज हुआ करती थीं लेकिन अब वे टूट रही हैं जिसकी वजह से अगर फौज में उस जवान को कुछ हो जाता है तो उसके पीछे से उसका परिवार आकेला ही रह जाता है। आदरणीय मुख्यमंत्री जी और फाईनांस मिनिस्टर जी ने जो कदम उनके लिए बढ़ाया है यह बहुत ही सराहनीय कदम है। आज

किसान और मजदूर जो भी काम करते हैं और जो वे मेहनत करके खेती करते हैं उसकी वजह से ही हमारा व्यापार चल रहा है। इसके अलावा हमारे यहां पर जो कारखाने लगे हैं उनसे भी हमारे व्यापार में बढ़ौतरी होती है। इस सरकार ने इन दोनों की तरफ ध्यान दिया है, सरकार का यह बहुत ही सराहनीय कदम है। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के वक्त में पुलिस की भर्ती में जवानों की हाईट बढ़ाकर 5 फुट 9 इंच कर दी गई थी लेकिन इस सरकार ने आकर उसको 5 फुट 7 इंच कर दिया है। हमारे हरियाणा में नार्मल हाईट 5 फुट 7 इंच ही है। अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं आपके जरिए से सदन के ध्यान में लाना चाहूंगा कि हमने सभी विषयों की तरफ ध्यान दिया है लेकिन बढ़ती हुई पापुलेशन की तरफ क्या किसी ने ध्यान दिया है? आज हम जो भी दो कदम आगे बढ़ाते हैं पापुलेशन बढ़ने के कारण सहज ही वह एक कदम पीछे आ जाता है। यह क्यों है? हमें इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा हमने लिंग-अनुपात को कम करने के लिए काफी अच्छे कदम उठाए हैं। लेकिन पापुलेशन को कंट्रोल करने के लिए जो गरीब तबका है, उसको इस बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है ताकि बढ़ती हुई पापुलेशन पर कंट्रोल हो सके। जय हिन्द।

श्री अध्यक्ष : डॉक्टर सीता राम जी, आप बोलिए। आपके अब 12 मिनट रह गए हैं। श्री बलवन्त सिंह सढ़ौरा जी ने भी अपनी बात कहनी है। यह अब आप देख लें कि आपने ही 12 मिनट बोलना है या दोनों ने आधे-आधे समय में अपनी बात कहनी है।

डॉ० सीता राम (डबवाली, एस०सी०) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाजत से बजट अनुमान पर जो चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने प्रस्तुत किया है, उस पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं नेट-सैल में कोशिश करूंगा कि अपनी सारी बात कह सकूं। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी बहुत ही सूझबूझ वाले व्यक्ति हैं और इन्होंने बड़े ही शायराना अन्दाज में अपनी बात की थी। इन्होंने वह बात दिल से निकलती हुई बात की थी। हमारी हमेशा से उनसे हमदर्दी है, सहानुभूति है। स्पीकर सर, अब मैं थोड़ा सा बजट के बारे में जिक्र करना चाहूंगा। जो प्लान ऐक्सपैंडीचर है उसमें 2004-05 के अंदर 44 परसैंट की रिकार्ड वृद्धि हुई है जोकि बहुत अच्छी बात है लेकिन जो यह वृद्धि 2006-07 के बजट में दिखाई गयी है उसको देखकर लगता है कि इससे पहले जब हमारी सरकार थी, ओम प्रकाश चौटाला साहब की सरकार थी जिन्होंने उस समय प्रदेश को अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर दिया था उसकी वजह से ही एकदम से इतनी भारी 44 परसैंट की रिकार्ड वृद्धि करने में ये लोग कामयाब हुए हैं। इसके अलावा मैं नॉन-प्लान ऐक्सपैंडीचर का भी जिक्र करूंगा। 2004-05 के अंदर नॉन-प्लान ऐक्सपैंडीचर के अंदर 9806.93 करोड़ रुपये थे लेकिन उसके बाद 2006-07 में नॉन-प्लान ऐक्सपैंडीचर में यह बढ़कर 11403.45 करोड़ रुपये हो गये हैं। इसको देखकर लगता है कि यह ऐक्सपैंडीचर ज्यादा बढ़ गया है जोकि नहीं बढ़ना चाहिए क्योंकि यह एक अच्छी अर्थदशा का सूचकांक नहीं है। स्पीकर साहब, रैवेन्यू डैफीशिट को भी इन्होंने कम करने की कोशिश की है। वर्ष 2005-06 में बहुत ज्यादा था लेकिन उसके बाद इसको रिवाइज करके इसको 603.33 करोड़ रुपये के ऊपर ये लेकर आये हैं जोकि अच्छी बात है। स्पीकर साहब, हमारे समय के अंदर यह 258 करोड़ रुपये था जोकि बहुत ज्यादा था लेकिन हमारी सरकार ने कोशिश करके अच्छे वित्तीय प्रबन्धन से इसको कम किया। इसके अलावा जो राजकोषीय घाटा है वह वर्ष 2004-05 के अंदर 1205.92 करोड़ रुपये था जोकि बाद में वर्ष 2006-07 के अंदर 1848.33 करोड़ रुपये हो गया है। स्पीकर सर, इन सब बातों को देखकर लगता है कि जो स्टेट की इकोनोमी है जिसको हम अपने समय के अंदर पटरी पर लेकर आए थे, वह धीरे-धीरे नीचे उतरनी शुरू हो गई है। स्पीकर साहब, जो मेजर ऐलोकेशनज की गयी थीं मैं उनका जिक्र नहीं करूँगा लेकिन मैं उनका जिक्र जरूर करूँगा जहां पर वर्ष 2005-06 के मुकाबले बजट को घटा दिया गया है। सोशल

[डॉ० सीता राम]

वैलफेयर, न्यूट्रिशियन वैलफेयर, एस०सी० और बी०सीज० का जो डिपार्टमैंट है उसको वर्ष 2005-06 में 859 करोड़ रुपये दिये गये थे लेकिन अब उसको घटाकर 811 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस तरह से एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट में भी किया गया है। इसमें भी इस बार बजट कम हुआ है। इसी तरह से रूरल डिवैल्पमैंट डिपार्टमैंट में किया गया है इसका भी बजट कम किया गया है। इसी प्रकार से जो मेवात एरिया डिवैल्पमैंट बोर्ड है उसको वर्ष 2004-05 में 12.66 करोड़ रुपये दिये गये थे लेकिन अब इसको दस करोड़ रुपये दिये गये हैं। फ्लड कंट्रोल के लिए, विलेजिज एंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए, लार्ज एंड मीडियम इंडस्ट्रीज के लिए, इलैक्ट्रानिक्स एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी के लिए, टूरिज्म के लिए, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं वोकेशनल एजुकेशन के लिए भी इस बार कम बजट दिया गया है। स्पीकर सर, अब मैं आर्थिक सर्वेक्षण के बारे में कहना चाहूँगा। राज्य की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2004-05 में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी थी। वर्ष 2004-05 में हरियाणा प्रदेश का वित्तीय प्रबन्धन सारे देश में अच्छा था। 12वें वित्तीय आयोग ने भी इसको सराहा था। सर, आर्थिक सर्वेक्षण के अंदर लिखा है कि वर्ष 1998-99 में सकल घरेलू उत्पाद का जो वित्तीय घाटा था वह 5.1 परसैंट था जो वर्ष 2004-05 में हमारे समय में 1.4 परसैंट आ गया था। इस तरह से यह देखकर भी लगता है कि हमारे समय में वित्तीय प्रबन्धन अच्छा था। अच्छे वित्तीय प्रबन्धन की वजह से ही सरकार बजट के अंदर ऐक्सपैंडीचर में ज्यादा अमाउंट देने में सक्षम हुई है। स्पीकर साहब, मैं एक और बात और कहना चाहूँगा कि वर्ष 2002 से लेकर 2005 तक जिस समय हमारी सरकार थी उस समय हमने एक दिन भी ओवर ड्राफ्टिंग नहीं की यह बहुत बड़ा काम है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : डाक्टर साहब, आपको बोलते हुये छः मिनट हो गये हैं। क्या आपने अपने साथी से कन्सलट कर लिया है कि उनका समय भी आप अपने समय में जोड़ लेंगे, क्योंकि आप दोनों को 12 मिनट मिले हैं ?

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, मैं संक्षिप्त में अपनी बात कह देता हूँ। अध्यक्ष महोदय, अब मैं ग्रान्ट-इन-ऐड के बारे में कहना चाहता हूँ। कोआप्रेटिव सैक्टर में वर्ष 2005-2006 में बजट 1076.17 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2006-07 में 1031.28 करोड़ हो गया यानि यह घटा है। (विघ्न) एक्स रेवेन्यू आपका घट रहा है क्योंकि सरकार को टैक्स डिपार्टमैंट की कोई स्पोर्ट नहीं मिल रही है। वर्ष 2004-05 में में यह 17 प्रतिशत इन्क्रीज हुआ था जोकि इस सरकार के समय में वर्ष 2005-06 में यह 14.6 प्रतिशत रह गया है। सरकार ने जो नई एक्साईज पोलिसी बनाई है उसके बारे में मैं कहना चाहता हूँ। सरकार ने प्रोपोज किया है कि वर्ष 2005-06 में 18 प्रतिशत की एक्साईज में इन्क्रीज होगी लेकिन जब एक्चयूअल देखा गया तो पाया कि यह तो 9 प्रतिशत ही है। इतना ही नहीं सरकार ने जो शराब की क्वालिटी लीटर के हिसाब से बढ़ा दी है। सही तौर पर देखा जाये तो इसमें कोई इनक्रीज नहीं आई है। सरकार ने वर्ष 2006-07 के लिये एक्साईज पोलिसी लाकर शराब के ठेकों की नीलामी लॉटरी सिस्टम से की है। उसके बाद सरकार ने घोषणा की है कि इससे 20 प्रतिशत रेवेन्यू इन्क्रीज होगा लेकिन जब हमने अखबारों में पढ़ा तो पाया कि जो देशी शराब के ठेके थे उनमें 50 प्रतिशत एप्लीकेशंज नहीं लगी हैं। इस बारे में हमें थोड़ा डाउट होता है कि जो टारगेट सरकार ने फिक्स किया है, क्या उसको आप अचीव कर पायेंगे ?जो ठेके दिये हैं उसमें यह किया है कि एक गाँव में ठेका किसी का होगा और साथ लगते दूसरे गाँव में ठेका किसी और का होगा इससे यह होगा कि एक दूसरे ठेका के एरियाज में शराब सप्लाई की जाएगी और जिसके कारण गाँवों में और झगड़े बढ़ेंगे, पुलिस प्रशासन में भ्रष्टाचार बढ़ेगा और आने वाले समय में कानून-व्यवस्था की स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी।

श्री अध्यक्ष : डॉक्टर साहब, आपको बोलते हुये आठ मिनट हो गये हैं। Please wind up.

डॉ० सीता राम : सर, मैं कन्कलूड कर देता हूँ। अब मैं वैट के बारे में कुछ कहना चाहूँगा। देहली गवर्नमैंट ने वैट लागू करते समय देशी घी के टैक्स को जो 12.5 प्रतिशत था उसको घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है, एल०पी०जी० के टैक्स को जो 12.5 प्रतिशत था उसको घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है, कोको प्रोडक्ट के टैक्स को जो 12.5 प्रतिशत था उसको घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है, और बुलैन के टैक्स को जो 1 प्रतिशत था उसको घटाकर 0.1 प्रतिशत कर दिया है। मेरे कहने का भाव यह है कि हरियाणा प्रदेश में भी उन वस्तुओं पर टैक्स की छूट देहली की तर्ज पर ही होनी चाहिए नहीं तो हरियाणा प्रदेश का व्यापार चौपट हो जाएगा। इस बारे में सरकार को देहली सरकार से बातचीत करनी चाहिये कि इसको एक जैसा रखें क्योंकि हरियाणा दिल्ली के सबसे नजदीक पड़ता है।

Mr. Speaker : Dr. Sita Ram, please wind up. आपको बोलते हुए नौ मिनट हो गये हैं।

डॉ० सीता राम : सर, मैं कन्कलूड कर देता हूँ वैसे काफी जरूरी बातें कहने की हैं मेरे पास मैटीरियल बहुत है।

श्री अध्यक्ष : मुझे पता है डॉक्टर साहब, आप लिटरेरी आदमी है।

डॉ० सीता राम : सर, अब मैं एजूकेशन के बारे में कहना चाहता हूँ। आपने मॉडल स्कूल का जिक्र किया। पहले कहा कि नया मॉडल स्कूल बनाने के लिये तीन-साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च होगा और अब एक नया सांस्कृतिक पब्लिक स्कूल के बारे में जिक्र किया जोकि रजिस्टर्ड सोसायटीज सरकार की ऐड के साथ बनायेंगी। आप यह बतायें कि उनको जो ऐड दी जाएगी तो ये रजिस्टर्ड सोसायटीज प्राईवेट होंगी या सरकारी और ये स्कूल कब तक बनकर तैयार हो जायेंगे ? सरकार ने डॉ० अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना नामक एक नई स्कीम भी बनाई है जिसमें एस०सी० और बी०सीज० (ब्लॉक-ए) के छात्र जो 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक दसवीं कक्षा में लेंगे उनको एक हजार रुपये प्रति माह दस जमा दो कक्षा तक देने की घोषणा की है उसके अन्दर छात्रों की संख्या 2000 एस०सीज० के लिये और एक हजार बी०सीज० के लिये निर्धारित की है। और बी०सी० के अन्दर दूसरी कैटेगरी को छोड़ दिया गया है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इसमें जो छात्रों की संख्या निर्धारित की गई है वह हटा देनी चाहिये और जो भी एस०सी० या बी०सी० कैटेगरी का विद्यार्थी 60 प्रतिशत या उससे अधिक नम्बर लेकर दसवीं कक्षा में पास होता है उनको सभी को यह भत्ता मिलना चाहिये।

श्री अध्यक्ष : डॉक्टर साहब, आपको बोलते हुये 10 मिनट हो गये हैं। प्लीज आप वाईड-अप करें।

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, मैं एक दो बातें कहकर वाईंड-अप करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, अब मैं एजूकेशन के बारे में कहना चाहूँगा कि बजट में राजीव गांधी एजूकेशन सिटी बनाने का जिक्र किया गया है और इसके लिये 6 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। पिछले बजट में भी इसका जिक्र किया गया था। हमें तो यह एजूकेशन सिटी बनती नजर नहीं आ रही। क्या 6 करोड़ रुपये में कोई एजूकेशन सिटी बन सकती है। इसके अतिरिक्त नैशनल लॉ कॉलेज मानेसर में बनाने का भी जिक्र किया गया है लेकिन बजट में उसके लिये पैसे का प्रावधान नहीं है। इसी तरह से महिला विश्वविद्यालय बनाने का भी जिक्र किया है लेकिन बजट में इसके लिये भी पैसे का प्रावधान नहीं है। अध्यक्ष महोदय, अब मैं कुछ बातें बिजली के बारे में कहना चाहूँगा कि बिजली की इस समय बहुत समस्या है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी कहा है कि बिजली की समस्या आज के दिन हरियाणा प्रदेश में बहुत अधिक है।

श्री अध्यक्ष : डॉक्टर साहब, प्लीज, अब आप बैठें। आप जो बोलना चाहते हैं वह पढ़ा समझा जाएगा आप लिखित में दे दें। प्लीज, आप बैठें। आपको बोलते हुये 12 मिनट का समय हो गया है। अब रमेश कुमार गुप्ता जी बोलेंगे।

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात बहुत जरूरी कहनी है।

श्री अध्यक्ष : आप डिमांड पर बोल लेना या एप्रोप्रिएशन बिल पर बोल लेना। प्लीज, अब आप बैठें।

श्री रमेश कुमार गुप्ता (थानेसर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। आदरणीय वित्तमंत्री महोदय ने 17 मार्च को सदन में जो बजट वर्ष 2006-07 के लिये पेश किया है मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। यह सरकार का दूसरा बजट है जिसमें चहुँमुखी विकास, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में आम जरूरतों को पूरा करने के लिये पंचायतों और नगर पालिकाओं को अतिरिक्त फंड दिया गया है। **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य श्री आनन्द सिंह डांगी पदासीन हुये।)** सभापति महोदय, यह प्रस्ताव व्यापक है तथा इसमें अर्थव्यवस्था का प्रत्येक पहलू कृषि से लेकर उद्योग तथा सामाजिक क्षेत्र से लेकर रोजगार तक जुड़ा हुआ है। यह बजट आम जनता के प्रति सरकार की भावना को दर्शाता है। सभापति महोदय, हमारी सरकार बनते ही मुख्यमंत्री महोदय ने बहुत अहम् फैसले लिए थे जिनमें किसानों के 1600 करोड़ रुपये के बिजली के बिल माफ करना एक अहम् फैसला था। जिसके मद्देनजर वर्ष 2005-06 का जो वित्तीय घाटा 48.15 करोड़ रुपये था। उस पर वित्त मंत्री जी ने बड़ी कुशलता से नियन्त्रण रखते हुए 53.91 करोड़ रुपये तक रखने का प्रयास किया है जो कि बहुत मनेजेबल है। सभापति महोदय, सरकार एक तरफ जहां जन-कल्याण के कार्यों पर खर्च कर रही है वहीं दूसरी तरफ राजस्व पर भी ध्यान रखे हुए है और हमारी सरकार के प्रयासों से 600 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त सरकार ने जो ऋण लिये हुये हैं जिन पर ब्याज दर 13 प्रतिशत थी उसको कम करवाया गया है जिससे सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये का फायदा होगा और इससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके लिए मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूँ। इसके अतिरिक्त किसानों से भी ब्याज आने वाले समय में 10 प्रतिशत से कम लिया जाएगा इसलिए भी मैं सरकार को बधाई देता हूँ। सभापति महोदय, इसके अतिरिक्त वित्त मंत्री जी ने बताया है कि हरियाणा प्रदेश ने 12वें वित्त आयोग की शर्तों को पूरा कर लिया है। दिल्ली में अभी मुख्यमंत्रियों के स्तर की बैठक थी जिसमें सभी ने हमारे मुख्यमंत्री के प्रयासों को सराहा है और दूसरे राज्य भी हमारा अनुसरण कर रहे हैं। सभापति महोदय, बजट में सरकार की तरफ से जो भी घोषणाएं की गई हैं उनका पूरे प्रदेश में स्वागत हो रहा है। अब मैं सरकार का ध्यान कुरुक्षेत्र और थानेसर हल्के की कुछ बातों की तरफ दिलाना चाहूँगा। बेरोजगारी एक अहम् मुद्दा है। उसको देखते हुए वित्तमंत्री जी तकनीकी संस्थान, वोकेशनल कोर्सिज आदि उन जिलों में खोलने जा रहे हैं जहां पर ये संस्थान नहीं हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं को विदेश भेजने के लिये भी समिति का गठन किया जा रहा है जो कि बेरोजगारी को खत्म करने का बहुत अच्छा प्रयास है। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि इस तरह की समिति का गठन कुरुक्षेत्र में भी किया जाये। सभापति महोदय, इसके अतिरिक्त सरकार की नई एक्साईज पॉलिसी का हर जगह स्वागत हो रहा है। पहले शराब का कारोबार जहां कुछ लोगों के हाथों में था अब ऐसा नहीं होगा और जो स्थानीय लोग हैं उनको भी ठेकेदारी करने का अवसर मिलेगा। उनको भी काम करने का

मौका मिला है और इससे रेवेन्यू भी बढ़ा है और बेरोजगारी भी दूर हुई है। सभापति महोदय, बिजली एक बहुत ही अहम् मुद्दा है मैं उस पर थोड़ा बताना चाहूँगा। पिछले 40 साल के इतिहास में अभी तक केवल चार हजार मेगावाट बिजली हम पैदा कर रहे थे। मुख्यमंत्री जी के प्रयास से आगे तीन-चार वर्षों में चार हजार मेगावाट और बिजली पैदा करने की उन्होंने घोषणा की है। जब यह बिजली पैदा होनी शुरू हो जाएगी तो प्रदेश में बिजली की कमी दूर हो जाएगी। इसमें 600 मेगावाट बिजली थर्मल प्लांट यमुनानगर से और उपलब्ध हो जाएगी और दूसरी जगहों पर भी बिजली बनाई जा रही है। एक हजार मेगावाट बिजली कोयले पर आधारित संयंत्र हिसार और फरीदाबाद में बनाने का लक्ष्य है। सभापति महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी और वित्तमंत्री जी इस समय हाउस में उपस्थित नहीं हैं। मैं उनका ध्यान बिजली बनाने के लिये ईंधन की ओर दिलाना चाहूँगा। सभापति महोदय, पैडी का छिलका बॉयलर्ज में इस्तेमाल होता है और इससे स्टीम बनती है। हरियाणा में पैडी का छिलका पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध भी है इसका पता लगाना चाहिए कि क्या इससे बिजली बन सकती है? इसकी स्टडी भी हुई है और इस छिलके से भी बिजली बनाने का कार्य किया जा सकता है। अगले दो वर्षों में 63 नये सब-स्टेशन्ज बनाने और 58 सब-स्टेशन्ज को अपग्रेड करने की योजना है जिसमें 109 किलोमीटर की ट्रांसमीशन लाईन बनाने के लिए 700 करोड़ रुपये उस पर खर्च होने हैं। थानेसर हल्के को भी तीन-चार स्टेशन्ज मिले हैं जिनको जल्दी पूर्ण करने की मांग मैं सरकार से करूँगा जिससे इनका लाभ लोगों को जल्दी से जल्दी मिल सके। मेरे हल्के में जो ट्रांसफारमर्ज खराब पड़े हैं, ट्रांसमिशन लाईन ढीली हैं और बिजली की तारें पुरानी हो चुकी है, उनको भी जल्दी से जल्दी बदलने का कार्य किया जाये। 252 करोड़ रुपये की राशि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के लिये रखी गई है (विघ्न) सभी गाँवों के लोग इसकी सराहना कर रहे हैं। सभापति महोदय, मैं मांग करूँगा कि डोमैस्टिक और ट्यूबवैल्ज की लाईन अलग-अलग होनी चाहिए। सरकार का विशेष ध्यान खेती के ऊपर है क्योंकि हमारे प्रदेश के 75% लोग खेती से जुड़े हुये हैं उसमें अति आधुनिक किस्म के नये तरीके अपनाने की जरूरत है। इसके लिये नयी किस्म के उत्तम बीज किसानों को उपलब्ध करवाने होंगे। सभापति महोदय, करनाल, कुरुक्षेत्र तथा कैथल में बासमती जीरी का काफी जोर है। बासमती की नई किस्मों को प्रोत्साहन देने के लिए बासमती की नयी किस्मों का पता करवाना होगा जो कि गुणवत्ता के हिसाब से ठीक हों और जिसकी ईल्ड भी अच्छी हो। यह बासमती एक्सपोर्ट भी हो सकती है जिससे विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। इन सब बातों को देखते हुये आदरणीय मुख्यमंत्री तथा माननीय कृषि मंत्री महोदय से मैं मांग करूँगा कि हिसार कृषि विश्वविद्यालय का एक रीजनल सैन्टर कुरुक्षेत्र में खोला जाए ताकि हमारे किसानों को उसका लाभ मिल सके। सभापति महोदय, डाईवर्सीफिकेशन ऑफ क्रॉप्स को हमारी सरकार अगर चाहती है तो इसके मद्देनजर प्रदेश में बायोटैक इण्डस्ट्रीज, फूड प्रोसैसिंग इण्डस्ट्रीज स्थापित होनी चाहिए। (विघ्न)

श्री सभापति : ठीक है गुप्ता जी, अब आप अपनी सीट पर बैठें।

डॉ० कृष्णा पण्डित (यमुनानगर) : ऑनरेबल सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं अपने माननीय मुख्यमंत्री जी और अपने फाईनैंस मिनिस्टर चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूँ और उनको बधाई देती हूँ तथा उनके इस बजट का अनुमोदन करती हूँ। मैं उनको आज सिर्फ एक बात कहना चाहती हूँ कि प्रस्तुत बजट बहुत ही अच्छा है और आम जनता में इसके प्रति बहुत ही उत्साह है। आम आदमी के लिए, गरीब आदमी के लिए बजट बहुत ही अच्छा दिया गया है। मैं एक बात की तरफ सरकार का ध्यान दिलवाना चाहती हूँ हमारे एरिया में थोड़ी सी बिजली की समस्या है। इसके अलावा मेरे एरिया में प्लाईवुड की इण्डस्ट्रीज की बहुत भारी समस्या है इसके लिए

[डॉ० कृष्णा पण्डित]

मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से यह सिफारिश करती हूँ और हाथ जोड़कर प्रार्थना करूँगी कि इस तरफ जल्दी से जल्दी ध्यान दिया जाए क्योंकि बाकी जो मुद्दे हैं जैसे बिजली और पानी की समस्या है वह सारी जगहों पर एक सी है और उनको देखा जा रहा है। मुझे पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी नियुक्त किया गया और मुझे हैल्थ मिनिस्टर के साथ सहयोग करने का मौका दिया गया है उसके लिये मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ और सुशील इन्दौरा जी ने भी मुझे बधाई दी है इसके लिए मैं उनका भी धन्यवाद करती हूँ। जब मैं पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी बनी तो मेरा सबसे पहले यह विचार था कि हमें हरियाणा में हैल्थ डिपार्टमैंट की जो पोजीशन है उसको ठीक करना है। जब मैं इस विषय में हैल्थ मिनिस्टर जी से मिली तो उन्होंने मुझे कहा कि आप 12 से 2 बजे तक जाकर चैकिंग करें। मेरे एक साथी ने भी इस विषय में पूछा था कि क्या आप इस चैकिंग पर गए थे, अगर गए थे, तो आपने क्या किया और आपने क्या कार्यवाही की है? सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में बताना चाहूँगी कि इस चैकिंग के दौरान मैंने तीन रिपोर्टस बनाई हैं और वे रिपोर्टस मैंने मुख्यमंत्री जी, हैल्थ मिनिस्टर जी और कमिश्नर साहिबा हैल्थ विभाग को पेश कर दी थीं। मुझे उम्मीद है कि उन रिपोर्टस पर जल्दी से जल्दी विचार किया जाएगा। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से एक सिफारिश और गुजारिश भी करना चाहूँगी कि सभी हास्पिटल्ज में आप्रेशन थियेटर्ज हैं, लेबर रूम्ज हैं और जितनी भी लैबोरेटरीज हैं वहां पर जो आपरेशन से संबंधित सामान है वह सारे का सारा कैडम हो चुका है, उस सारे सामान को बदलने की सख्त जरूरत है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्तमंत्री जी से निवेदन करूँगी कि आपको आप्रेशन थियेटर्ज के लिए अलग से बजट देना चाहिए। आज जिस भी हास्पिटल में जाएं, वहां पर रोज आप्रेशन होते हैं या जो टैस्ट होते हैं जैसे अल्ट्रासाउंड या सिटी स्कैन टैस्ट हैं वे मशीनें खराब होने की वजह से या वहां पर मशीन न होने की वजह से वे टैस्ट नहीं हो पाते हैं। जिसकी वजह से मरीज का आप्रेशन होना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसके लिए अगर मरीज बाहर जाकर टैस्ट करवाएं तो वह टैस्ट 1000 रुपये या इससे महंगा हो जाता है। सभापति महोदय, गरीब आदमी के लिए इतना ज्यादा खर्चा करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूँगी कि मैंने हास्पिटल्ज में जाकर देखा है कि जो बी०पी०एल० के लोग हैं उनसे हास्पिटल्ज में वे कार्डज मांगे जाते हैं और उनसे कहा जाता है कि अगर आप वह कार्ड दिखायेंगे तो ही आपको दवाईयां दी जाएंगी या हास्पिटल्ज में जो फीस ली जाती है वह तभी माफ होगी जब वे कार्ड दिखायेंगे। सभापति महोदय, जो आदमी एमरजैंसी में जाएगा तो उसके पास इतना समय ही नहीं होगा कि वह घर से बी०पी०एल० कार्ड उठा सके। मेरा निवेदन है कि उन लोगों पर मेहरबानी करके उस कार्ड को दिखाने की छूट दी जाए। इसके अलावा आप्रेशन थियेटर्ज में असिस्टैंट, लैब टैक्नीशियंज, रेडियोग्राफर, रेडियोलोजिस्ट इत्यादि होते हैं उनकी भी बहुत कमी है मेरी हैल्थ मिनिस्टर महोदया से और मुख्यमंत्री महोदय से गुजारिश है कि वे जल्दी से जल्दी इन पोस्ट्स की कमी को दूर करने का कष्ट करें ताकि हास्पिटल्ज की वर्किंग को सुचारु रूप से चलाया जा सके। हमें पिछली सारी रिवायतों से हटकर हरियाणा में बैस्ट मैडीकल फैसीलिटीज देनी चाहिएं। सभापति महोदय, सबसे ज्यादा गम्भीर बात जो सामने आई है वह यह है कि हास्पिटल्ज में जो लावारिस लाशें पड़ी होती हैं उनको रखने का सही इन्तजाम नहीं है। इसकी वजह से जो फोर्थ क्लास आदमियों की ड्यूटी लाश के पास होती है वे वहां पर खड़े नहीं हो सकते हैं क्योंकि उन लाशों में से बहुत बदबू आती है। जब मैंने वहां के सी०एम०ओ० से इस बारे में पूछा और वहां पर बर्फ का इंतजाम करने की बात कही तो उन्होंने मुझे कहा कि हमारे पास बर्फ का कोई प्रावधान नहीं है। मेरा आपसे अनुरोध है कि हरियाणा में जितने भी हास्पिटल्ज की मोर्चरिज हैं वहां पर बर्फ का भी इन्तजाम करवाया जाए ताकि जो लावारिस लाशें हैं

उनको ठीक तरह से रखा जा सके। सभापति महोदय, हास्पिटल्ज में कोई भी इन्वैस्टीगेशन करवानी हो तो उसके लिए पैसे जमा करवाने होते हैं। अब जैसे हास्पिटल्ज में ब्लड ग्रुप आर एच है इसकी बहुत जरूरत लोगों को होती है। इसके लिये अगर हम हास्पिटल्ज में पैसे जमा नहीं करवाएं तो इससे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सभापति महोदय, गरीब आदमी उस टैस्ट के लिए 50 रुपये नहीं दे सकता है। जिसकी वजह से उसका वह टैस्ट नहीं हो पाता है। इसके अलावा जैसे डिलीवरी के समय में अगर किसी का ब्लड ग्रुप आर० एच० नैगेटिव होता है और उस समय उसका टैस्ट न हो तो उसको एक टीका लगाया जाता है जो कि एन०टी०डी० होता है। इस टीके की कीमत 1600 या 1700 रुपये की होती है। अगर वह टीका समय पर उस पेशैंट को नहीं लगाया गया तो माँ और बच्चे के लिये खतरा हो सकता है। मेरी इस बारे में सरकार से गुजारिश है कि जैसे ट्यूमर क्लोसिज और कैंसर की दवाईयां मुफ्त दी जाती हैं तो उसी तरह इस इंजैक्शन को भी मुफ्त कर दिया जाए। सभापति महोदय, मेरी चैकिंग की जहां-जहां रिपोर्टस थी वह मैंने सौंप दी हैं और उसमें 15-20 हास्पिटल्ज की जो मांगें हैं उस बारे में भी सरकार द्वारा विचार कर लिया जाए। आज सभी लोग कहते हैं कि हमारी मैडीकल सर्विसिज में इम्प्रूवमैंट आई हैं तो यह सब स्वास्थ्य मंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की बदौलत है। सभापति महोदय, मैं आज कमिश्नर साहब को भी बधाई देना चाहती हूँ कि जिस दिन भी जहां पर भी मैं चैकिंग करके आती हूँ और वहां की रिपोर्ट इनके पास देती हूँ तो उसके दूसरे दिन ही जहां पर जो मांग होती है उन मांगों का अनुमोदन होता है और उसके बाद डायरैक्टर हैल्थ सर्विस वहां पर जाकर पता करती हैं कि वहां पर वह डिमांड पूरी हुई है या नहीं हुई। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। चेयरमैन साहब, यह सब चीजें माननीय मुख्यमंत्री जी की आज्ञा के कारण हुई हैं। हर आदमी यही सवाल उठाता है जिस दिन से सैशन चल रहा है उस दिन से सबका टोपिक यही होता है कि अस्पतालों के लिए आप क्या करते हो। इसलिए मेरी यही गुजारिश है कि इन चीजों को पूरा किया जाये क्योंकि बाकी चीजें तो सबके लिए होंगी ही। बिजली, पानी, नालियों का जहां तक संबंध है ये बातें तो पूरी होंगी ही। हमारे यमुनानगर की जो रोडज हैं उनको भी जल्दी से जल्दी ठीक करवाने का प्रबन्ध किया जाए क्योंकि वहां पर ऐक्सीडैंट्स रेट बहुत ज्यादा है जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चेयरमैन सर, मुझे बोलने के लिए समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री धर्मबीर गाबा (गुड़गांव) : चेयरमैन सर, धन्यवाद आपका कि आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया। सर, मैं रस्म अदायगी के लिए नहीं खड़ा हुआ हूँ कि हम अच्छा कहें वो बुरा कहें या वो बुरा कहें तो हम अच्छा कहें। बजट तो डिस्कशन के लिए एक ऐसा आईटम होता है कि कौन सी मद में पैसा कम रखा गया है और हम उसके लिए सरकार से अपील करें कि वह इस मद में ज्यादा पैसा दे या फिर कौन सी सोसायटी की सैक्शन के लिये पैसा कम है और उसको ज्यादा किया जाए, यह देखना पड़ता है। चेयरमैन सर, अच्छा फाईनैंस मिनिस्टर वह होता है जो सैलरीज और पैंशन पर रेवेन्यू रिसीट का 35 से 40 परसैंट तक खर्च करे और सबसे ज्यादा खुशी की बात यह है कि हमारे फाईनैंस मिनिस्टर साहब ने पैंशन और सैलरीज पर करीब 39.47 परसैंट ही खर्च किया है। चेयरमैन साहब, जादू तो वही है जो लोगों के सिर चढ़कर बोले। इस बजट की मीडिया ने बहुत तारीफ की है। मैंने 18 तारीख का ट्रिब्यून अखबार का ऐडीटोरियल पढ़ा है। उसमें लिखा है कि अगर लायबिलिटीज रिड्यूस कर दी जाएं तो हमें उसके इंट्रस्ट पर बहुत बड़ी बचत हो जाएगी। इसके अलावा इस बजट में जो सबसे अच्छी बात हुई है वह यह है कि फाईनैंस मिनिस्टर साहब ने फिसकल रिसपोंसिबिलिटीज और बजट मैनेजमैंट के लिये जो फैसले लिए हैं वह बहुत ही अच्छे हैं। चेयरमैन सर, इसमें एक फैसला यह भी हुआ है कि सरकार ने हैड ऑफ दि डिपार्टमैंट को पावर डैलीगेट की हैं कि प्लानिंग का पैसा बजाए उसकी मंजूरी ऊपर से आए, वह निचले लैवल पर ही खर्च कर दिया जाए। मंत्री जी इस समय सदन में

[श्री धर्मबीर गाबा]

बैठे नहीं हैं। मैं उनको कहना चाहता हूँ कि इस तरह की मंजूरी के न आने के कारण ही पूरा एक साल हो गया लेकिन गुड़गांव के अंदर एक इंच न तो सीवर की लाईन पड़ी और न ही पानी की लाईन पड़ी है क्योंकि पैसे की सैंक्शन ही नहीं आती है। गुड़गांव जैसे शहर के अंदर जिस की बारह लाख की आबादी है और जहां पर आठ लाख की फ्लोटिंग आबादी है अगर वहां पर इम्प्रूवमैन्ट का, डिवैल्पमैंट का काम न हो तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि हमारी क्या हालत होगी, लोगों की क्या हालत होगी क्योंकि हम अपने आपको वहां का नुमाईन्दा कहते हैं, हम वहां को रिप्रजेन्ट करते हैं। इसके अलावा डैट्स को स्वीपिंग करने का भी अच्छा डिसीजन है। 28 लाख 46 हजार रुपये के डैटस कम करने के या खत्म करने के कुछ कदम सरकार ने उठाए हैं कि हुडा या एच०एस०आई०डी०सी० के असैटस रखे जाएं ताकि हम दिए जाने वाले इंट्रस्ट से बच सकें। चेयरमैन सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। मैं आदरणीय चीफ मिनिस्टर साहब को तीन चार बातों के लिए मुबारिकबाद देना चाहता हूँ। सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो एक्साइज पोलिसी सरकार ने एडाप्ट की है वह ऐसी पालिसी है जिससे आम लोगों को कुछ रोजगार भी मिल जाएगा और जो बदनामी पहले हुआ करती थी कि एक ही आदमी को सारे ठेके दे दिये तो उस बदनामी से भी हरियाणा सरकार अब बच जाएगी। सबसे बड़ी बात सी०एम० साहब मैं आपको कहना चाहता हूँ वह यह है कि आपने जो पानीपत थर्मल प्लांट का नाम बदलने का डिसीजन लिया है वह एक बहुत अच्छा डिसीजन है। मैं किसी की मुखालफत नहीं करता लेकिन पानीपत एक हिस्टोरीकल सिटी है और उसका हिस्टोरीकल नाम ही रहना चाहिए। इससे पहले भी ऐसी गलती सरकार ने एक बार की थी कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर बी०एन० चक्रवर्ती यूनिवर्सिटी रख दिया था लेकिन जब प्रदेश में इसके खिलाफ एजीटेशन हुए तो उसका नाम फिर से कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रखना पड़ा था। आपने जो पानीपत शहर को उसका हिस्टोरीकल स्टेटस दिया है वह बहुत अच्छा किया है। हमें किसी शहर का हिस्टोरीकल नाम नहीं बिगाड़ना चाहिए चाहे पानीपत हो और चाहे कुरुक्षेत्र हो। एक बात सी०एम० साहब मैं आपको और कहना चाहता हूँ चाहे आप मुझे अपना मानें या न मानें लेकिन मुझे इस बात की खुशी है कि आपकी नीयत बड़ी अच्छी है। आज प्रदेश में चारों तरफ कुछ न कुछ डिवैल्पमैंट होती ही रहती है। आज गुड़गांव में इतनी डिवैल्पमैंट हो रही है कि मैं उसका यहां पर विवरण नहीं कर सकता। चेयरमैन साहब, मैं रोडज के बारे में जरूर कहना चाहूँगा। रोडज बहुत इन्क्रीज किए गये हैं और इनके लिये पैसा भी बेइन्तहा रखा गया है। आज यह भी फैसला लिया गया है कि दिल्ली से रोहतक तक चार लेन का रोड बनाया जाएगा और जीरकपुर से कालका तक की रोड भी चार लेन का रोड बनाया जाएगा। मुझे यह सुनकर सबसे बड़ी खुशी हुई क्योंकि इसके लिए हम 40 साल से देखते आ रहे हैं कि यह रोड नहीं बन सका। मैं वर्ष 1982 में पहली बार एम०एल०ए० चुनकर आया था और 24 साल से हम इस बारे में कहते रहे लेकिन किसी के कान तक हमारी आवाज नहीं पहुंची। पानीपत शहर के रोडज के लिए कुछ किया जाए क्योंकि पानीपत शहर को क्रोस करने में एक घण्टा लग जाता है। लेकिन आज पानीपत शहर में भी रोडज का काम शुरू हो गया है इसके लिए मैं सी०एम० साहब को मुबारकबाद देता हूँ।

श्री सभापति : गाबा साहब, यह सारा कुछ अच्छी नीयत की बदौलत ही है।

श्री धर्मबीर गाबा : चेयरपर्सन महोदय, मेरी सी०एम० साहब से एक प्रार्थना है कि आप जो ये रोडज बनाने जा रहे हैं इन रोडज की रिकारपेटिंग करने के साथ ही साथ इनको चौड़ा करने की भी जरूरत है तभी सही तरीके से रोडज बन पाएंगी।

श्री सभापति : गाबा साहब, आपको बोलते हुए सात मिनट हो गए हैं।

श्री धर्मबीर गाबा : चेयरपर्सन महोदय, एक बात मैं यहां जरूर बताना चाहता हूँ कि पिछले महीने मुझे सिंगापुर से कुआलालामपुर बाई रोड जाने का मौका मिला था। यह 400 किलोमीटर का रास्ता था जो मैंने चार घण्टे में पार किया। सरकार को चाहिए कि वहां पर एफ०एम० को या पी०डब्ल्यू०डी मिनिस्टर साहब को भेजें और पता लगाएं कि रोडज कैसे बनते हैं और कैसे होने चाहिएं। मैंने बजट भाषण में पढ़ा कि सरकार बी०ओ०टी० के लिए कुछ कर रही है। अमेरिका हमारे से काफी अमीर है जब वह बी०ओ०टी० के आधार पर काम कर सकता है तो हम हिंदुस्तान में क्यों नहीं कर सकते? सरकार का यह फैसला बहुत अच्छा है।

श्री सभापति : गाबा साहब, आपका एक मिनट और है।

श्री धर्मबीर गाबा : चेयरपर्सन महोदय, मैंने तो आपको नहीं कहा कि मुझे बुलवाया जाए। आप कहते हैं तो मैं बैठ जाता हूँ मैं तो तीन दिन से इन्तजार कर रहा था।

श्री सभापति : गाबा साहब, और भी सदस्य काफी बोलने वाले हैं। सदन के केवल 12 मिनट समय खत्म होने में रहता है।

श्री धर्मबीर गाबा : चेयरपर्सन महोदय, मेरी सरकार से एक प्रार्थना है। सोशल वैल्फेयर के लिए सरकार ने बजट में 47.54 प्रतिशत की बढ़ौतरी की है। इस बारे में हैल्थ मिनिस्टर महोदया काम करेंगी या अर्बन डिवैल्पमैंट मिनिस्टर महोदया काम करेंगी यह मैं नहीं जानता लेकिन मैं उनसे एक बात कहना चाहता हूँ कि क्या आप शहरों में हैल्थ के बारे में भी कुछ करने जा रहे हैं? आज शहरों के अन्दर जो मीट मार्कैट है क्या उनके लिए आपने सीरियसली सोचा है? आज गुड़गांव में यह हालत है कि कोई सलाटर हाउस नहीं है। मीट बेचने वाले दुकानदार खुले में बैठकर मीट बेचते हैं। मैं तो मीट खाता नहीं हूँ और आप खाते हैं या नहीं, यह मुझे नहीं पता लेकिन वे दुकानदार आज लोगों को जहर बेच रहे हैं क्योंकि खुले में मिट्टी आती है मक्खियां आती हैं। वे लोग खुले में बैठकर मीट बेच रहे हैं और ऐसी एक जगह नहीं 15-20 जगह हैं जहां पर ये कार्यवाही हो रही है। जब मैं मिनिस्टर था उस समय हमने उनके लिए सरकार से एक एकड़ जमीन के लिए प्रार्थना की थी कि मिनी सचिवालय के पीछे की तरफ इसके जमीन दे दी जाए ताकि वहां पर जाली लगाकर सलाटर हाउस बना दिए जाएं। इन दुकानदारों को मीट बेचने का लाईसैंस दे दिया जाए। मेरी सरकार से अब प्रार्थना है कि इसको सीरियसली सोचें क्योंकि यह मामला केवल गुड़गांव का ही नहीं है बल्कि हर शहर में ऐसी समस्याएं हैं।

श्री सभापति : गाबा साहब, आपका बोलने का समय समाप्त हो गया है। प्लीज, आप बैठें।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : सभापति महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है। मेरे साथी ने अभी अपना मानूं या न मानूं वाली बात कही। मैं बताना चाहूँगा कि ये तो मेरी कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं, ये तो हैं ही मेरे अपने, मैं तो विपक्ष के साथियों को भी अपना मानता हूँ। (विघ्न)

श्री सभापति : मैम्बर्ज साहेबान, जिस फिराखदिली से अब विधान सभा की कार्यवाही चल रही है इस तरह पहले कभी नहीं चली।

श्री धर्मबीर गाबा : सभापति महोदय, मैं स्वास्थ्यमंत्री से अर्ज करना चाहता हूँ कि आपने गुड़गांव के हस्पताल को अपग्रेड कर दिया लेकिन वहां अपग्रेड करने के बावजूद भी न एम०आर०आई० की सुविधा दी है, न कोई दूसरी सुविधाएं दी हैं। (इस समय **श्री अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए।**)

[श्री धर्मबीर गाबा]

अध्यक्ष महोदय, अगर होस्पिटल अपग्रेड कर दें और वहां कोई सुविधा न दें तो काम कैसे चलेगा। पंचकूला होस्पिटल के लिए एक एम०आर०आई० मशीन खरीदने के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है।

श्री अध्यक्ष : गाबा साहब, अब आप बैठें। आप लिखकर भिजवा देना। We will incorporate your suggestions.

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह (मेवला महाराजपुर) : अध्यक्ष महोदय, दो दिन से बजट पर चर्चा चल रही है और हमारी सरकार बनने के बाद यह दूसरा बजट है। बजट पर बोलते हुए खासतौर पर बीजेपी के मैंबर गौतम जी जो इस समय यहां नही बैठे, वे विपक्ष में हैं लेकिन उन्होंने भी सरकार की और बजट की सराहना की है। वे पाँच बार हारने के बाद छठी बार बड़ी मेहनत से चुनकर आए हैं। लेकिन उन्होंने कहा है कि हमारे मुख्यमंत्री बड़े फिराखदिल हैं जिन्होंने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं रखा। इससे बड़ा सबूत अच्छे बजट का दूसरा कोई नहीं हो सकता कि विपक्ष के साथी भी बजट की और सरकार की तारीफ करें। अध्यक्ष महोदय, अगर सरकार के पिछले एक वर्ष के कार्यकाल पर बजट के माध्यम से गहन चिंतन करें तो जो किसान कभी भ्रम की स्थिति में बहकावे में पड़ गए थे और आर्थिक अव्यवस्था के कारण सामाजिक परिदृश्य से बाहर हो गये और जो अपने बिजली के बिल नहीं भर सकते थे, उन किसानों के 1600 करोड़ रुपये के बिजली के बिल एक कलम से माफ करना मैं समझता हूँ कि एक बहुत बड़ा काम है। अध्यक्ष महोदय, 1600 करोड़ रुपये की माफी ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में पिछले एक वर्ष के दौरान मुख्यमंत्री जी ने और सरकार ने जितनी उपलब्धियां हासिल की हैं उनका यदि यहां वर्णन किया जाए तो बहुत समय लगेगा। चाहे सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण का मामला हो। पहले किसान हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक धक्के खाया करते थे लेकिन उनको उचित मुआवजा उनकी जमीन एक्वायर होने पर नहीं मिलता था। हमारे मुख्यमंत्री जी ने जन भावनाओं को समझते हुए मुआवजे की वास्तविकता को देखते हुए ऐसा फैसला लिया जिसके तहत 15 लाख, 12.50 लाख और 5 लाख रुपये मिनिमम मुआवजा प्रति एकड़ के हिसाब से दूर-दराज के एरियाज के लिए फ्लोर रेट फिक्स किया है। सरकार का यह एक बहुत अच्छा निर्णय है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को बधाई देता हूँ। लेकिन मैं मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि गुड़गांव को तो 15 लाख प्रति एकड़ तक के मुआवजे क्षेत्र में रखा है लेकिन फरीदाबाद को उसमें नहीं रखा जबकि फरीदाबाद और गुड़गांव की स्थिति एक जैसी है। आज फरीदाबाद में भी जमीन के रेट्स प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये से ज्यादा हैं और अगर वह जमीन साढ़े 12 लाख रुपये प्रति एकड़ में एक्वायर होती है तो मैं समझता हूँ कि वहां के किसान के लिए यह काफी घाटे का सौदा होगा। इसके साथ ही एक बात मैं और कहना चाहता हूं। मैंने भूमि अधिग्रहण के बारे में सवाल भी किए थे और उनके जवाब भी माननीय मंत्री जी ने दिये हैं। जो सैक्टर अब नये आ रहे हैं उनके बारे में मैं विशेष तौर से कहना चाहूँगा कि पिछले समय में किसान के लिए एक पॉलिसी हुआ करती थी कि जिस किसान की जमीन ऐक्वायर की जाएगी उसको एक प्लॉट हर हालत में सरकारी रेट पर उसी सैक्टर में दिया जाएगा, चाहे वह रैजिडैंशियल प्लाट ही हो। अगर इस समय ऐसी पॉलिसी नहीं है तो मैं यह निवेदन करूँगा कि इस पॉलिसी को जोड़ना चाहिए। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूँ कि यह ठीक है कि जमीन की कीमत आज बहुत बढ़ गई है। वहां पर किसान को जो न्यूनतम रेट मुआवजे के फिक्स किए गए हैं यह कीमत उसकी वजह से बढ़ी है। दूसरे प्राईवेट कॉलोनाईजर्ज को रैजीडैंशियल समस्या के समाधान के लिए लाईसैंस का जो सरलीकरण किया गया है और उनको लाईसैंस दिया गया है उस की वजह से भी कीमतें बढ़ी हैं। वहां पर एक करोड़ की बजाए अगर जमीन ऐक्वायर करने का मुआवजा 20 लाख या 15 लाख रुपये प्रति एकड़ मिलता है तो वह

बहुत थोड़ा है इसके कारण उनके अन्दर हार्ट बर्निंग बढ़ेगी इसलिए भी हर खातेदार को अगर वे लेना चाहे तो एक प्लॉट मैं समझता हूँ कि अवश्य देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, बजट के बारे में माननीय डॉक्टर साहब ने कई चीजों पर शंका और खदशा का जिक्र किया है। इसके बारे में वैसे तो जवाब माननीय मंत्री महोदय देंगे लेकिन अध्यक्ष महोदय, उन्होंने एक बात कही है मैं उसका जवाब उनको देना चाहता हूँ। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार के बेहतरीन प्रबन्धन के कारण बजट जो अब 43-44% तक बढ़ा है वह उसका नतीजा ही था। उसके लिए मैं माननीय साथी को कहना चाहूँगा कि आपके जो पिछले बजट थे वह 2200 करोड़ से लेकर ऐण्ड में 2000 पर टिक गए थे। बजट में वह घाटा बढ़ा ही नहीं। उसी बजट को माननीय मंत्री महोदय ने तीन हजार करोड़ रुपये तक पहुँचाया है। यानि एक हजार करोड़ रुपये की बढ़ौतरी बजट में हुई जो कि तकरीबन 50% का इजाफा दर्शाती है वह उस प्रबन्धन की वजह से नहीं हुआ है बल्कि इस सरकार की पॉलिसीज की वजह से हुआ है जो कि इस सरकार की दूरदर्शिता और उसकी काबलियत का भी एक सुबूत है। अगर दोनों बजटों को देखा जाए तो 8-9% के इजाफे को मेनटेन किया गया है जोकि बहुत बड़ी उपलब्धि है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, आप थोड़ा टाईम को भी देख लें। आपको बोलते हुए ऑलरेडी 7 मिनट हो चुके हैं (विघ्न) आप इस बात को देखें कि सभी के लिए टाईम फिक्स किया हुआ है। आप तीन चार मिन्ट का समय और ले लें और अपनी बात को कन्क्ल्यूड करें।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद। हरियाणा की आय और हरियाणा का सकल उत्पादन 12% और 11% है। मैं समझता हूँ कि ऑल इण्डिया से अगर इसकी तुलना करें तो हरियाणा की आय कहीं ज्यादा है और दोनों चीजों में इजाफा है जो समृद्धि और विकास का सूचक है अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई दो राय नहीं कि इस बजट को अगर प्रोग्रैसिव बजट कहा जाए तो उसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह बजट का एक पापुलर और पापुलर गवर्नमैंट का एक प्रोग्रैसिव बजट है। अध्यक्ष महोदय, 4-5 बातों का मैं और जिक्र करना चाहूँगा। मैंने उनके बारे में सवाल किए थे मैं उनके नजदीक आ जाऊं क्योंकि मेरे पास बोलने के लिये समय भी थोड़ा है। अध्यक्ष महोदय, मैं परिवहन विभाग के विषय में थोड़ा कहना चाहता हूँ। हरियाणा का परिवहन विभाग का बेड़ा देश का बहुत ही श्रेष्ठ बेड़ा माना जाता है। इस बेड़े में तकरीबन 3500 बसें हैं। अध्यक्ष महोदय, मैंने फरीदाबाद, सैक्टर-12 में बस अड्डे का एक सवाल किया था। फरीदाबाद जिला हैडक्वार्टर है, वहां पर खेल परिसर बना हुआ है, मिनी सैक्रेटेरियेट भी वहां पर बन गया है, अदालतें भी वहां पर हैं, सारा सैक्टर आबाद है और मेन रोड के ऊपर है। इन दोनों क्षेत्रों में और विशेषकर मेरे क्षेत्र की आबादी तकरीबन 6-7 लाख के करीब है। वहां पर पहले बस अड्डा बनाने का प्रोविजन था। इन सब चीजों के बावजूद जहां आप इतने सुधार कर रहे हैं रैन बसेरे बना रहे हैं उनकी डिवैल्पमैंट कर रहे हैं, उनकी रैनोवेशन कर रहे हैं, वहां पर एक बस अड्डे की भी निहायत आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं मैं उनसे आग्रह करना चाहूँगा कि वहां पर बस अड्डा बनाया जाने के बारे में जरूर विचार करें और जब वे जवाब दें तो मेहरबानी करके इसके बारे में अपने जवाब में बताएं। यदि वे इसके लिए 'हां' कर रहे हैं तो इस बजट में उसको डालने की कृपा करें। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं सिंचाई के बारे में थोड़ी और बात कह दूं। इस बारे में मैं माननीय सिंचाई मंत्री जी से एक बात कहना चाहूँगा। सिंचाई विभाग के बारे में कोई दो राय नहीं है कि माननीय मुख्यमंत्री जी और सरकार ने यह पहल करके प्रदेश में समान जल का बंटवारा किया है। इस बारे में आज तक किसी ने नहीं सोचा था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जल का एक समान बंटवारा करके सरकार ने जनता को बहुत बड़ा न्याय दिया है जिसके लिए यह सरकार बधाई की पात्र है। इसके लिए तकरीबन एक हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

[श्री महेन्द्र प्रताप सिंह]

मैं समझता हूँ कि किसान के लिए खेती एक रीढ़ है। जब तक बिजली और सिंचाई को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी तब तक हम वह लक्ष्य नहीं प्राप्त कर सकते लेकिन इसके लिए सरकार ने बजट देकर के कई योजनाओं को शुरू किया है। दादूपुर नलवी जैसी नहर से रिचार्जिंग के अलावा उन क्षेत्रों को पानी भी मिलेगा। इसके लिए मैं कहना चाहता हूँ कि जहां आप समान जल बंटवारे की बात कर रहे हैं वहीं हमारे क्षेत्र को भी तरजीह दी जाए। 1994 में स्टेट्स का जो समझौता हुआ है उसमें हरियाणा का 43% पानी फरीदाबाद और मेवात को जाता है हमें वहां से तकरीबन 608 क्यूसिक पानी मिलना चाहिये था और दिल्ली को 238 क्यूसिक पानी मिलना चाहिये था। अध्यक्ष महोदय, लेकिन आज उल्टा हो रहा है। हमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण दिल्ली को पानी देना जरूरी हो गया है।

12-00 बजे

श्री अध्यक्ष : महेन्द्र जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अब आप अपनी सीट पर बैठ जाएँ।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं एक मिनट और बोलना चाहूँगा। फरीदाबाद की नहरों में जाड़े के महीने में एक बूंद पानी भी नहीं गया है।

श्री अध्यक्ष : आप एप्रोप्रिएशन बिल पर बोल लेना। आप मेरे साथ कोआप्रेट करें। बाकी सदस्यों ने भी बोलना है।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : सर, मैं एक मिनट में ही अपनी बात को कन्क्लयूड कर देता हूँ। अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि पानी के समान बंटवारे की जहां तक बात है, अगर उत्तर प्रदेश को ताजेवाला से या मूनक से पानी दे दिया जाए तो वे ओखला बैराज से हमें पानी देने को तैयार हैं। इसके साथ ही मैं मेवात के बारे में भी बात कहना चाहूँगा। हमें छोटे-छोटे कामों को भी बढ़ावा देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, दादूपुर नलवी और इसके आस-पास के एरियाज में ऐसा प्रावधान सरकार को करना चाहिए कि रिचार्जिंग पानी के अलावा वे एरियाज बरसाती पानी का भी इस्तेमाल कर सकें। अध्यक्ष महोदय, मेवात में 650-700 गाँव हैं। वहां पर 50 गाँवों में तो पीने का अच्छा पानी है बाकी गाँवों में कड़वा पानी है। वहां पर या तो छोटे बाँध बनाए जाएं या नहरों के माध्यम से उन एरियाज को सिंचित करने का प्रावधान सरकार द्वारा किया जाए।

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, बाकी की बातें आप लिखकर मंत्री जी को भिजवा देना। अब आप बैठें। अब बलवंत सिंह सढौरा जी बोलेंगे। सढौरा जी, आपकी पार्टी का समय 12 मिनट रह गया था और आपके साथी सीता राम जी उससे ज्यादा बोल चुके हैं। इस हिसाब से तो आपका समय भी खत्म हो चुका है फिर भी आप पाँच मिनट में अपनी बात कह दें।

श्री बलवंत सिंह (सढौरा एस०सी०) : स्पीकर सर, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का समय दिया। सर, वैसे तो हर साल बजट पेश होते हैं और यह बजट सरकार का आईना होता है इसमें सरकार का लेखा जोखा होता है और उससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि उसकी मंशा कैसी है। अध्यक्ष महोदय, इस बजट में किसानों के लिए, कर्मचारियों के लिए और व्यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है। (विघ्न) स्पीकर सर, इसमें आंकड़ों को देख कर ऐसा नहीं लगता है कि इस सरकार ने कोई बहुत बड़ी रियायत दी है। अध्यक्ष महोदय, चाहे वह प्लान का हैड हो या नॉन प्लान का हैड हो, चाहे हर साल बढ़ने वाला घाटा है, चाहे वह स्टेट रेवन्यू में टैक्स को कलैक्शन है, वह निरन्तर घटती जा रही है और घाटा बढ़ता ही जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, जो प्वाइंट में दर्ज हैं अगर मैं उसके बारे में आंकड़े पढ़ने लगा तो बहुत समय लग जाएगा। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : बलवंत सिंह जी, वह सब तो डॉक्टर साहब बोल चुके हैं। आप कोई भी ऐसी बात न कहें जो पहले ही कही जा चुकी हो।

श्री बलवंत सिंह : सर, मैं भी तो यही कह रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय, आज हरियाणा में हालात ऐसे बन गए हैं कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था लगातार चरमराने की ओर बढ़ रही है। आज प्रदेश की उन्नति और तरक्की कहां जा रही है, इस बारे में स्टेट के बजट का जो इन्फ्रास्ट्रक्चर है उससे पता चलता है। आज इलैक्ट्रिसिटी, रोडज, एजुकेशन, सोशल वैल्फेयर को ले लें तो इनके लिए बजट में पैसे का कोई प्रावधान नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं बिजली के बारे में कहना चाहता हूँ। मुख्यमंत्री जी अपनी हर रैली की अनाऊंसमैंट में कहते हैं कि बिजली की कमी है। सर, बिजली की वाकई में स्टेट में कमी है। इसके बारे में इन्होंने कहा है कि तीन साल में यह कमी पूरी कर देंगे। स्पीकर सर, एक साल तो गुजर गया इसलिए हमें बताया जाए कि ये तीन साल कब से शुरू होंगे? मैं वित्त मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ क्योंकि हमारे वित्त मंत्री जी बड़े काबिल वजीर हैं और उन्होंने अपने बजट भाषण में यह कहा है कि 11वीं पंचवर्षीय योजना जोकि 2007 से शुरू होगी और 2012 में खत्म होगी, में गैस बेस्ड चार पावर प्रोजैक्टस लगाएंगे। स्पीकर सर, 2012 में कौन घोड़ा होगा और कौन सवार होगा इसका तो जनता ही फैसला करेगी, यह हमारे कहने की बात नहीं है कि 2012 में राज किसका होगा, कौन राजा होगा, यह तो समय ही बताएगा, क्योंकि यह जनता के हाथ में है।

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, कर्म करो और रिजल्ट की परवाह मत करो।

श्री बलवंत सिंह : ठीक है सर, अब मैं एजुकेशन के बारे में कहना चाहूँगा। इस बारे में बुलंगबांग दावे करते हुए कहा गया था कि राजीव गांधी के नाम से एक एजुकेशन सिटी बनेगा और उसमें हमारे बच्चे पढ़कर काबिल बनेंगे, अफसर बनेंगे लेकिन न तो पिछले साल के बजट में और न ही इस साल के बजट में इसके लिए पैसे का प्रावधान किया गया है।

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, राजीव गांधी सिटी का प्वायंट तो पहले आ चुका है आप रिपीट न करें।

श्री बलवंत सिंह : स्पीकर सर, वीमैन यूनिवर्सिटी बनाने की बात भी कही गई थी लेकिन इसके लिए भी बजट में पैसे का प्रावधान नहीं किया गया। इसी तरह से नैशनल लॉ कालेज बनाने की बात भी थी लेकिन उसके लिए भी बजट में पैसे का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसी तरह से एस०सीज० के लिए भी जिनकी रेशों करीब 25 परसैंट से ऊपर है, बजट में ज्यादा पैसों का प्रावधान नहीं किया गया है। इनके लिए पैसा बजट में घटता जा रहा है जोकि एक चिन्ता का विषय है। स्पीकर सर, बजट में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है जिससे हमें खुशी हो। इसी तरह से लॉ एंड ऑर्डर के बारे में भी बड़े बुलंगबांग दावे किए गए कि हरियाणा में लॉ एण्ड ऑर्डर ठीक है और यहां पर कोई भी मर्डर नहीं हो रहे हैं, कोई डैकेती नहीं हो रही हैं और न कोई लूटपाट हो रही है। लेकिन आज सरेआम दिन में ही डैकेतियाँ हो रही हैं, कत्ल हो रहे हैं। एक साल का चिट्ठा है कि कितने मर्डर इस एक साल में हुए हैं। इनका कोई रिकार्ड ही नहीं है। (विघ्न) स्पीकर सर, करनाल में 16 तारीख को 24 घंटे के अंदर-अंदर 12 मर्डर हुए हैं जोकि चिन्ता का विषय है। (विघ्न)

चौ० अर्जुन सिंह : आन ए प्वायंट ऑफ आर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के समय में कानून व्यवस्था के बारे में मैं बताना चाहूंगा कि अगर उस समय चोरी हो गयी या किसी का ट्रक उठ गया तो फिर भी उसकी एफ०आई०आर० दर्ज नहीं होती थी। थानों में एस०एच०ओ०, थानेदार या एस०पी० को सख्त आर्डर सरकार ने दे रखे थे कि कोई भी एफ०आई०आर० दर्ज नहीं

[चौ० अर्जन सिंह]

करनी ताकि हम अपनी सरकार का ऐसा रिकार्ड न बनाये जिससे पता लगे कि हमारे समय में क्राईम हुए हों। (विघ्न) स्पीकर सर, उस समय ट्रक चोरी हो गया लेकिन एक महीने तक उसकी एफ०आई०आर० तक दर्ज नहीं हुई। जब हमने इस बारे में कहा कि भई आप एफ०आई०आर० तक दर्ज क्यों नहीं करते। यह एफ०आई०आर० तो दर्ज कर लो ट्रक पावे या न पावे क्योंकि अगर ट्रक से ऐक्सीडैंट वगैरा हो गया तो उस पर जुर्माना तो नहीं लगेगा। तब पुलिस वालों ने कहा कि सरकार के ऊपर से आदेश हैं कि कोई भी एफ०आई०आर० दर्ज नहीं करनी, चाहे कत्ल हो जाए, चाहे कोई मर जाए या कोई उजड़ जाए क्योंकि हमने तो अपना चिट्ठा साफ रखना है। स्पीकर साहब, क्या यह कोई उनका तरीका ठीक था?

श्री अध्यक्ष : चौधरी बलवंत सिंह जी, लॉ एण्ड आर्डर का प्वायंट तो डिटेल में आ लिया है। आपने चार प्वायंट उठाये हैं और वे चारों प्वायंटस ही रिपीटिशन हो रहे हैं। अगर आपने कोई नयी बात कहनी हो तो कह लें वरना तो आपका टाईम हो लिया है।

श्री बलवंत सिंह : सर, आप मुझे पाँच मिनट और दे दें। पाँच मिनट में मैं अपनी बात खत्म कर लूँगा। सर, हम रोज बोल्कर मुद्दे के बारे में बात कर रहे हैं। पार्लियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर साहब की हम बात नहीं सुन रहे हैं क्योंकि हमारी बात मनगढ़ंत नहीं है। * * * *

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, जो आदमी हाउस में प्रेजैंट नहीं है उनका नाम न लिया जाये।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, जो इस सदन का सदस्य नहीं है उनका नाम हाउस की प्रोसीडिंग्स में से डिलीट किया जाये।

श्री अध्यक्ष : ठीक है Nothing to be recorded.

श्री बलवंत सिंह : अध्यक्ष महोदय, * * * * * * *

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, * * * * * *

Mr. Speaker : Nothing to be recorded. ओरियण्टेशन प्रोग्राम में इस बारे में बताया गया था।

श्री बलवंत सिंह : अध्यक्ष महोदय, * * * * * * *

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, इस बात से सदन का कोई संबंध नहीं है। सदन का केवल एक बात से संबंध है कि श्री ओम प्रकाश चौटाला के खिलाफ सी०बी०आई० की इन्क्वायरी चल रही है ये उस बारे में चर्चा क्यों नहीं करते? सी०बी०आई० ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश से चौटाला साहब के मकानों में कई जगह पर रेड की है उसके बारे में ये चर्चा करें।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, इनका नेता तो विदेश भाग गया।

श्री बलवंत सिंह : अध्यक्ष महोदय, * * * * * * *

Mr. Speaker : Reading of any document is not allowed in the House. Please sit down.

श्री बलवंत सिंह : अध्यक्ष महोदय, * * * * * * (विघ्न)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर यह है (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : कैप्टन साहब, आपका प्वायंट ऑफ आर्डर क्या है ?

राजस्व मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव) : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर यह है कि इनको रणदीप सिंह सुरजेवाला से कोई दिक्कत नहीं है कि उन्होंने चौटाला साहब को चुनाव में हरा दिया। इनको तो इस बात की तकलीफ हो रही है कि हमारा नेता हार क्यों गया ? वे अब विदेश भाग गये हैं ये उसको बुलाकर लायें। वह हारने के बाद यहां मुंह दिखाने लायक नहीं रहा। अपने नेता को सदन में लाकर बिठाएं ताकि उसको पता लगे। वह अपने सारे पैसे लेकर विदेश चला गया (विघ्न) (इस समय बहुत से इनैलो के सदस्य एक साथ खड़े होकर बोलने लग गये।)

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, ******

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, ****

प्रो० छतर पाल सिंह : स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। कैप्टन अजय सिंह ने एक बात कही है।

श्री अध्यक्ष : प्रोफैसर साहब, यह कोई प्वायंट ऑफ ऑर्डर नहीं है।

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, *****

श्री अध्यक्ष : इन्दौरा साहब आप सीजन्ड पार्लियामैंटेरियन हैं आप यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि जो आदमी इस हाउस में हाजिर नहीं है उसका नाम नहीं लिया जा सकता The discussion on the budget has been concluded. Now, the Revenue Minister will give the reply to the points raised pertaining to his Department, during the discussion on Budget. (Interruption)

श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान : स्पीकर सर, मैंने तो सरकार को कुछ सुझाव देने थे।

श्री अध्यक्ष : मान साहब, आप डिमाण्डज पर या एप्रोप्रिएशन बिल पर बोल लेना आपको समय दिया जायेगा। I will allow you.

श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान : स्पीकर सर, जब मैं कल कैथल गया था तो श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला साहब को कहकर गया था कि मैं कल बोलूंगा।

Mr. Speaker : Mann Sahib, the revenue Minister is on his legs. He will give the reply pertaining to his Department. मान साहब, आपकी पर्ची आज आई है। आप एप्रोप्रिएशन बिल पर बोल लेना।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, कुछ माननीय सदस्यों ने बजट पर बोलते हुए कुछ प्वायंट रेज किए हैं मैं उनके बारे में बताना चाहता हूँ। एक तो श्री धर्मपाल सिंह मलिक जी ने भालौठ सब ब्रांच पर न्यू माइनर बनाने के बारे में कहा था। इस बारे में कोई प्रोपोजल तो सरकार के पास नहीं आया है लेकिन जो इन्होंने फरमाणा माईनर की कंस्ट्रक्शन के बारे में बात की है, वह प्रोपोजल सरकार के पास आलरेडी एग्जिस्ट करता है उसकी रिमोडलिंग की जरूरत है, उसको हम जरूर करवायेंगे। तीसरी बात इन्होंने रामगढ़ माईनर के बारे में रखी थी। इस बारे में लैंड नोटिफिकेशन

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[कैप्टन अजय सिंह यादव]

भी हमने कर दी है। मैं समझता हूँ कि इसके टैण्डर 24.3.2006 तक हो जायेंगे और काम जल्दी ही शुरू हो जायेगा। बत्तरा साहब ने regarding the surplus water of Yamuna बहुत अच्छा प्वाइंट रेज किया था कि कुछ डैम्ज बगैरा बनने चाहिएं। मैं सदन को बताना चाहता हूँ कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने 1994 में यमुना के पानी के बारे में जो समझौता हुआ था, उसके तहत उन्होंने सैंट्रल वाटर रिसोर्सिज मिनिस्टर श्री सैफूद्दीन सोज जी के पास स्वयं जाकर बात की और कहा कि वे अपर यमुना बोर्ड की बैठक बुलाएं और किशाऊ लखवार ब्यासी और रेणुका डैम हैं, इनको बनाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में महेन्द्र प्रताप सिंह जी भी अभी बात रेज कर रहे थे कि 381 क्यूसिक पानी केवल हमें दिल्ली को देना होता है लेकिन हमें 1000 क्यूसिक पानी देना पड़ रहा है। लेकिन किशाऊ डैम बनने के बाद मैं समझता हूँ कि हमें बहुत राहत मिल सकती है। श्री बीरेन्द्र सिंह जी ने भी यह ईशू पहले रेज किया था इसके बारे में सरकार पूर्ण रूप से गम्भीर है और इस पर हम कार्यवाही कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, एस०वाई०एल० कैनाल के बारे में भी कई साथियों ने मुद्दा रेज किया है। इन्दौरा जी भी कह रहे थे कि हम एस०वाई०एल० कैनाल के बारे में सीरियस नहीं हैं। मैं इनको बताना चाहता हूँ कि बाकायदा 1996 में आर्टिकल 131 के तहत हमने अपील सुप्रीम कोर्ट में की थी जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने बाकायदा अलाऊ किया कि 5.1.2002 तक पंजाब सरकार एस०वाई०एल० कैनाल का निर्माण करवायेगी लेकिन उन्होंने नहीं बनवाया। आप सब जानते हैं कि जो पिछली सरकार थी उन्होंने केवल अपोज किया था चाहे वह राजीव लौंगोवाल समझौता था या दूसरे समझौते थे। उसके बाद पिछली सरकार ने अरली हियरिंग के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक भी एप्लीकेशन नहीं दी। हमारी सरकार ने अभी तीन मार्च को अरली हियरिंग के लिए चीफ जस्टिस को एप्लीकेशन दी है और उनसे कहा है कि आप जल्दी से हियरिंग कीजिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 38 मुद्दे और हैं जो उन्होंने हियरिंग करने हैं और वे समर वैकेशन के दौरान इसकी सुनवाई करेंगे। अध्यक्ष महोदय, हम कोर्ट के बारे में क्या कह सकते हैं। उन्होंने कहा है कि उनके पास और भी अर्जेंट मैटर हैं वे समर वैकेशन में हमें सुनेंगे। राष्ट्रपति रैफरैंस भी हमने दिया है हमारी सरकार ने केन्द्र सरकार को भी कहा है और बाकायदा हमने पब्लिक वर्क्स डिपार्टमैंट को दिया था।

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, सदन के कई सदस्यों ने कुछ लाईन्ज लिखकर भेजी हैं और मुझे कहा है कि ये लाईनें सदन के बहुमत से ही नहीं बल्कि सदन की यह भावना है। बड़े तरन्नुम से ये लाईनें लिखी गई हैं मैं इनको यहाँ सुनाऊं—

कर रहा था मैं बरबादी का हिसाब, चौटाला की याद बे हिसाब आई,
कल जो कहते थे बिस्तर से उठा नहीं जाता आज देश छोड़ने की नौबत आई। (हंसी)

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं तो आपको इस बात के लिए मुबारकबाद देना चाहूँगा कि आपने पूरे बजट सैशन में सब सदस्यों को बोलने का अवसर दिया। पिछली विधान सभा में इन्दौरा साहब नहीं थे। उस समय विपक्ष के सदस्यों के साथ किस तरह का व्यवहार होता था यह इनको नहीं मालूम। हमने ही उनको झेला था। उस वक्त हमें बोलने नहीं दिया जाता था। इन्दौरा जी एक घंटा बोले। इनको किसी ने इन्टरप्ट नहीं किया। हमें उस समय पांच मिनट बोलने के मिलते थे और उसमें भी 10 बार इन्टरप्ट किया जाता था। अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि आपने बड़ी फिराखदिली दिखाई है। डॉ० सीताराम जी यहां बैठे हुए हैं, इन्होंने देखा है कि हमें उस समय किस तरह मार्शल सदन से बाहर उठा-उठाकर फेंका करते थे। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह जी ने आगरा कैनाल के बारे में जिक्र किया। इसके बारे में मैं कहना चाहूँगा कि यह

बात सही है कि ओखला बैराज पर यू०पी० सरकार का ही कंट्रोल है। अभी पिछले दिनों हमने उनके मुख्यमंत्री जी को चिट्ठी भी लिखी है और वार्निंग भी दी है। हमने बाकायदा उनको वार्निंग दी है कि अगर वे हमारे साथ भेदभाव करेंगे और हमें हमारे हिस्से का पूरा पानी नहीं देंगे तो हमें हथनी कुण्ड बैराज से उनके हिस्से का पानी काटना पड़ेगा। इस बारे में मैं यह कहना चाहूँगा कि इनके एरिया को जो पानी नहीं मिल रहा है वह यू०पी० की वजह से नहीं मिल पा रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं यह बताना चाहूँगा कि हम इस मैटर को यू०पी० गवर्नमैंट से टेकअप कर रहे हैं। इसके अलावा हमारे साथी श्री राधेश्याम शर्मा जी ने नांगल दर्जू वाटर वर्क्स के बारे में जिक्र किया था। मैं इनको बताना चाहता हूँ कि हम इस वाटर वर्क्स की स्ट्रैंथनिंग का कार्य कर रहे हैं। जो शहजादपुर डिस्ट्रीब्यूटरी है उसकी भी हम स्ट्रैंथनिंग कर रहे हैं और हम पूरे एफर्टस कर रहे हैं ताकि इसका कार्य अप्रैल तक पूरा हो जाए और पानी यहां तक पहुंच सके। दूसरे झाकरी वाटर वर्क्स है वहां के बारे में इन्होंने पूछा है। तीसरे इन्होंने हमीदपुर बांध से एक नहर जोड़ने के बारे में डिमाण्ड की है। वहां के बारे में मैंने बता ही दिया है। भाखरी वाटर वर्क्स के बारे में हम कार्य करने वाले हैं और दोचाना माईनर की डि-सिल्टिंग का कार्य हम पूरा कर रहे हैं और उसकी मरम्मत का काम भी हम कर रहे हैं और यह कार्य अप्रैल, 2006 तक पूरा हो जाएगा। अध्यक्ष महोदय, हमारे साथी श्री नरेश मलिक जी ने पाकसमा माईनर के बारे में जिक्र किया है। मैं इनको ऐश्योर करता हूँ कि आदरणीय मुख्यमंत्री जी की जो एनांउसमैंट है सरकार उसको जरूर पूरा करेगी। अध्यक्ष महोदय, श्री निर्मल सिंह जी ने दादूपुर नलवी नहर के बारे में जिक्र किया है। मैं हाउस को ऐश्योर करता हूँ कि अगले महीने इस नहर का कार्य शुरू करवाएँगे। इसके अलावा श्री राम कुमार गौतम जी ने जिक्र किया है कि आउटलैटस का साईज हमने कम कर दिया है लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है। हमने बिल्कुल बराबर साईज रखा है ताकि पानी टेल तक पहुंच सके। श्री हर्ष कुमार जी ने उझीना ड्रेन के बारे में जिक्र किया है और कहा है कि वहां पर बांध बनाया जाए। कुछ बांध हमने बनाए हैं और बाकी भी हम बनाएंगे ताकि उसमें पानी रिजर्व कर सकें और उस पानी को रिटेन कर सकें। अध्यक्ष महोदय, इसके बारे में हम कार्यवाही करेंगे। एक रूपगढ़ माईनर के बारे में श्री भारद्वाज जी ने जिक्र किया है। वहां पर पम्प हाउस की स्कीम के बारे में हम विचार कर रहे हैं। टैक्नीकल कमेटी ने उसे पास कर दिया है और उसका काम भी जल्दी ही शुरू करेंगे। इसके साथ सांगा माईनर और पालावास माईनर अण्डर एग्जामिनेशन हैं और इनके बारे में भी हम जल्दी ही कार्य करेंगे खासतौर से सिवानी के एरिया का श्री राम कुमार गौतम जी ने जिक्र किया था कि उनके एरिया का पानी हमने ले लिया। अध्यक्ष महोदय, मैं इनको बताना चाहूँगा कि हमने किसी के एरिये का पानी नहीं लिया है। अध्यक्ष महोदय, सिवानी के एरिया के बारे में ऐसा था कि मैं श्री सोमवीर तथा फौजी साहब के साथ वहां पर गया था। वहां पर पीने का पानी नहीं था। इस सरकार ने पहली बार उनको अधिकार दिया कि बालसमन्द से डायरैक्ट सिवानी एरिया में पीने के लिए पानी दे दिया जाए। यह जो फैसला किया गया था वह पीने के पानी के तहत किया है। अध्यक्ष महोदय, ये कुछ प्वांयटस थे जिनके बारे में मैंने अपनी बात कहनी थी। धन्यवाद।

Mr. Speaker : Hon'ble Members, Now, Education Minister will give reply on the points pertaining to the education departments.

Dr. Sushil Indora : Sir, I want to seek some clarification from the Hon'ble Minister इन्होंने जैसे कहा है कि यह अरली डिसीजन के लिए कोर्ट में गए कि जल्दी फैसला होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं इनसे यह जानना चाहता हूँ कि पंजाब गवर्नमैंट का जो लैटर आया है वह Inter Treaty Water Act के बारे में था या एस०वाई०एल० के निर्णय के बारे में था?

श्री अध्यक्ष : इन्दौरा साहब, इस के बारे में तो मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट बता दिया है (विघ्न) डॉक्टर साहब, यह कोई प्वांयट ऑफ ऑर्डर नहीं है इसलिए आप बैठें। (विघ्न)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : स्पीकर सर, माननीय इन्दौरा साहब को शायद यह मालूम नहीं है कि हरियाणा के हक में जो राजीव-लौंगोवाल समझौता हुआ था और इराडी कमीशन जब हरियाणा में आया था उस समय चौधरी देवी लाल तथा ओम प्रकाश चौटाला जी ने उसे साईमन कमीशन की संज्ञा दी थी और उनको काले झण्डे भी दिखाए थे जो कि हरियाणा के हितों की हत्या है। (विघ्न)

Dr. Sushil Indora : Speaker Sir, I want to seek some clarification from the Hon'ble Irrigation Minister regarding SYL issue. (Interruptions)

Mr. Speaker : Indora ji, Please take your seat. Please maintain the dignity of the House. Have patience. Please take your seat. Now, Education Minister will give reply on the points concerned with the Education Department.

शिक्षा मंत्री (श्री फूल चन्द मुलाना) : अध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं आपको बधाई देना चाहता हूँ कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि अपोजीशन के हर मैम्बर को बजट पर बोलने का मौका दिया गया है। अपोजीशन के आठ मैम्बर्ज हैं और आठ मैम्बर्ज को ही बोलने का मौका दिया है। आप इसके लिए बधाई के पात्र हैं। अध्यक्ष महोदय, बजट पर बोलते हुए कुछ सदस्यों ने शिक्षा के बारे में अपनी बातें कहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं वर्ष 1972 से अब तक कई बार इस सदन का सदस्य रहा हूँ और इस दौरान कई बार मुझे मंत्री बनने का भी मौका मिला है। जितना साऊंड बजट वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री जी ने इस बार पेश किया इतना पहले कभी पेश नहीं हुआ है और ऐसा पहली बार हुआ है। मैं इसके लिए वित्तमंत्री जी को, मुख्यमंत्री जी और सारे सरकारी तन्त्र को बधाई देना चाहता हूँ जो इस बजट को बनाने में इन्वालव्ड हैं। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने और हमने शिक्षा के क्षेत्र में जो एक अभियान चलाया है उसमें नए स्कूल खोलना, अध्यापक प्रोवाईड करना, स्कूलों में अच्छी फैसिलिटी देना और अच्छी शिक्षा देना शामिल है। राजीव गांधी के नाम से एजुकेशन सिटी का कार्य भी जारी है। एक नैशनल लॉ इन्स्टीच्यूट भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा खेलों के क्षेत्र में भी बहुत सारे कदम उठाए जा रहे हैं। इस बारे में मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि खेलों को गांवों में भी प्रोत्साहित किया जाए और गांवों में मिनी स्टेडियम भी बनाए जाएं। हमारे मुख्यमंत्री जी की ऐसी मंशा है और इन्होंने गांवों में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए घोषणा भी की है। अध्यक्ष महोदय, यहां बजट पर बोलते हुए कई सदस्यों ने स्कूलों की दशा पर अपनी चिन्ता व्यक्त की है और कईयों ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी स्कूलों में जो टीचर्ज पढ़ाते हैं वे अपने बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं, सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए नहीं भेजते हैं। इस विषय में अध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में एक बात लाना चाहूँगा कि पिछली सरकार ने शिक्षा को इतना नैगलैक्ट कर दिया था और स्कूलों की दशा इतनी खराब कर दी थी कि बच्चों को उन स्कूलों में भेजा ही नहीं जा सकता था। लेकिन मौजूदा सरकार उन स्कूलों की दशा में सुधार ला रही है। स्कूलों की बिल्डिंग्ज की मरम्मत के लिए बहुत सारा फंड जारी कर दिया गया है। आप थोड़े से अर्से में देखेंगे कि सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग्ज चमकेंगी और स्कूलों की दशा में भी सुधार आएगा और बच्चे प्राईवेट स्कूलों की तरह गवर्नमैंट स्कूलों में भी जाएंगे। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय, कई सदस्यों ने टीचर्ज की ट्रांसफर के बारे में भी चिन्ता व्यक्त की है। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी का हरियाणा के स्कूलों में सैमैस्टर सिस्टम लागू करने का फैसला है और सैमैस्टर सिस्टम में उचित होगा कि नए साल में जरनल ट्रांसफर्ज न हो। केवल जैनुअन कैसिज और एडमिनिस्ट्रेटिव

ग्राउंडज पर ही ट्रांसफर करने का विचार किया जाएगा, ऐसी हमारे मुख्यमंत्री जी की मंशा है। इसके साथ ही कई साथियों ने यह भी कहा है कि स्टाफ की कमी है तो इस विषय में मैं माननीय साथियों को बताना चाहूँगा कि हमने स्टाफ की कमी को गैस्ट टीचर्ज की भर्ती से पूरा किया है। इस तरह का इन्तजाम सारे देश में कहीं नहीं है। इसके लिए हमारे मुख्याध्यापकों और प्रिंसिपल्ज को हिदायतें हैं कि जहां पर भी जिस सब्जैक्ट की पोस्ट खाली है और जब तक हम उस पर परमानैंट भर्ती नहीं करते हैं तब तक उस पोस्ट को उस गांव, ब्लॉक या जिले का बच्चा जो उस पोस्ट के लिए क्वालिफिकेशन पूरी करता हो, से भरा जाए। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं इनको बताना चाहूँगा कि टीचर्ज की परमानैंट भर्ती के लिए हमने पहले से ही सोच रखा है। अध्यक्ष महोदय, इनको शायद मालूम नहीं है, हमने हाईकोर्ट में बयान दिया था कि हम तब तक गैस्ट टीचर्ज को नौकरी में रखेंगे जब तक हम परमानैंट भर्ती नहीं करेंगे और परमानैंट भर्ती करते समय उनको भी कंसीडर करेंगे। उसके बाद ही ये आर्डर्ज हुए थे। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा गैस्ट टीचर्ज की भर्ती करते समय रिजर्वेशन का ध्यान रखा जाए, ऐसी भी किसी सदस्य ने बात कही थी। अध्यक्ष महोदय, इस बारे में इनको थोड़ा सा समझना चाहिए कि अगर कहीं पर 4 या 5 पद खाली हों तो वहां पर इस बारे में ध्यान रखा जा सकता है और ध्यान रखा भी जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूँगा कि 12,000 अध्यापकों की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही कई सदस्यों ने मांग की कि नए कालेज खोले जाएं। अध्यक्ष महोदय, आज कम्पीटीशन का जमाना है, सिर्फ इम्तिहान पास करने का युग नहीं है और हमारी सरकार का उद्देश्य है कि कालेजों में अच्छी एजुकेशन देनी चाहिए। इसके लिए हम कॉलेजिज में नए कोर्सिज एड कर रहे हैं, वहां पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, बजट में पहली बार शिक्षा के लिए प्लान में 290 करोड़ और नॉन प्लान में 2432.79 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस बजट में लड़कियों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा कई सदस्यों द्वारा मांग की गई कि यूनिवर्सिटी खोल दी जाए, नारनौल में यूनिवर्सिटी खोल दी जाए। अध्यक्ष महोदय, यूनिवर्सिटी क्या होती है? यूनिवर्सिटी में एम०ए० की क्लासिज या पी-एच०डी० की क्लासिज का प्रावधान होता है। हमने नारनौल के पास रिवाड़ी जिले में यूनिवर्सिटी का एक रीजनल सैंटर खोल दिया है जिसकी आधारशिला मुख्यमंत्री जी रखकर आये हैं। यह भी यूनिवर्सिटी ही होती है। अटेली में सरकारी कालेज है और मेवात के बारे में भी कुछ साथियों ने चर्चा की खासकर हर्ष कुमार जी ने की कि उनके क्षेत्र में मेवात डिवल्पमैंट बोर्ड के स्कूल हैं और उनकी फीस ज्यादा है। अध्यक्ष महोदय, मॉडल स्कूल्ज की फीस तो ज्यादा होगी ही लेकिन वे स्कूल बहुत अच्छे हैं। लेकिन अपने गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि सरकारी स्कूल्ज भी हों। अध्यक्ष महोदय, हथीन कांस्टीच्यूएंसी में 11 सीनियर सैकैंडरी स्कूल्ज, आठ हाई स्कूल्ज और 17 मिडल स्कूल्ज हैं। इन स्कूलों में हमारे गरीब बच्चे पढ़ सकते हैं। मेवात क्षेत्र में टोटल 159 स्कूल हैं इसलिए कोई पढ़ाई की दिक्कत नहीं है। स्पोर्ट्स के क्षेत्र में मुख्यमंत्री जी ने जैसा ऐलान किया है कि गांवों में मिनी स्टेडियम बनाये जाएंगे, नर्सरी खोली जाएंगी। अध्यक्ष महोदय, शिक्षा और खेल मिलकर साथ-साथ आगे बढ़ते हैं क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र से ही बच्चे खेल के क्षेत्र में आते हैं। दोनों के तालमेल से ही खेलों और शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। मुझे पूर्ण आशा है कि यह बजट ज्यों-ज्यों लागू होगा त्यों-त्यों पूरे प्रान्त की दशा बदलेगी। जैसे मुख्यमंत्री जी की इच्छा है कि देश में हमारा प्रांत नम्बर वन हो तो वह मंशा पूरी होगी। (विघ्न) मॉडल स्कूल का जहां तक ताल्लुक है मुख्यमंत्री जी ने निर्णय लिया है कि हम प्राईवेट स्कूल के लैवल पर अच्छे स्कूल अपने प्रांत में बनाएंगे। फिलहाल यह निर्णय लिया है कि हर जिले में एक मॉडल स्कूल खोला जाएगा। हम ऐसे स्कूल नहीं खोलेंगे जैसे पिछली सरकार ने एक स्कूल खोल दिया और कह दिया कि वह मॉडल स्कूल हो

[श्री फूल चन्द मुलाना]

गया। उन्होंने उस स्कूल को केवल दस लाख या पांच लाख रुपया दिया था लेकिन हमारे मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि फर्स्ट फेज में पचास लाख रुपये से हम मॉडल स्कूल शुरू करेंगे ताकि इनका इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक हो। अध्यक्ष महोदय, पचास-पचास लाख रुपये में हम बीस के बीस मॉडल स्कूल्ज खोलेंगे। अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं अपने उन सभी साथियों का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने अपने विचार रखे हैं। मैं मुख्यमंत्री जी को भी बेहतरीन बजट पेश करने के लिए बधाई देता हूँ और अपना स्थान लेता हूँ।

Mr. Speaker : Now, the Chief Minister will speak.

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, विभिन्न दलों के मेरे सभी माननीय सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे हैं। जहां तक बजट का सवाल है वित्त मंत्री जी उसका जवाब देंगे लेकिन कुछ मुद्दे हमारे साथियों ने उठाए हैं उनके बारे में मैं कहना चाहता हूँ। एक तो कानून व्यवस्था की बात कही है, एस०वाई०एल० कैनाल की बात कही है और सैंट्रल स्पोंर्स्ड स्कीम्ज की बात भी यहां पर कहीं गयी है। इस तरह से तीन-चार मुद्दे उठाये गये हैं जिनके बारे में मैं सदन के माननीय सदस्यों की इंफर्मेशन के लिए बताना चाहता हूँ। जहां तक कानून व्यवस्था का सवाल है, इस बारे में बहुत से आंकड़े दिए गए हैं। अर्जन सिंह जी ने बोलते हुए कहा था कि पिछली सरकार के समय तो एफ०आई०आर० तक दर्ज नहीं होती थी। अध्यक्ष महोदय, प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती है। मेरा बलवन्त सिंह जी से एक ही निवेदन है कि आप किसी भी शहर का नाम ले लें या गांव का नाम ले लें। आप वहां चले जाएं और एक और सदन का सदस्य आपके साथ चला जाएगा तथा अध्यक्ष महोदय, आप भी अपना एक नुमाइन्दा इनके साथ भेज दें। ये लोग किसी भी गांव या शहर के लोगों को इकट्ठा करके पूछ लें कि आज के दिन कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है और पहले क्या थी ? अध्यक्ष महोदय, उस समय जिस प्रकार से लोग हरियाणा प्रान्त में रह रहे थे वह सबको मालूम है। किस प्रकार से उस समय हरियाणा में अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था, अपराधी खुलेआम हरियाणा में घूम रहे थे। यह पूरा हरियाणा जानता है प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं है जिस भी शहर का नाम आप लें जिस भी गांव का नाम आप लें जब भी तिथि तय करें आपको खुली छूट है। (विघ्न)

डॉ० सीता राम : स्पीकर सर, ***** (विघ्न)

Mr. Speaker : No recording, please. No iterference, I request you please have petience, लीडर ऑफ दि हाउस खड़े हैं।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : एस०वाई०एल० का मुद्दा उठाते हैं। एस०वाई०एल० का नाम लेकर हरियाणा के लोगों को जिस तरह से गुमराह कुछ लोगों ने किया है खासतौर से इनैलो के नेता ने उसका ही नतीजा यह हुआ कि पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इतने भारी बहुमत से जिताकर लोगों ने भेजा क्योंकि ढोल की पोल खुल गई। झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चलता। एस०वाई०एल० क्या है ? एस०वाई०एल० कब बननी शुरू हुई, किसने बनाई और किसके हुकम से बनी ? जब हरियाणा और पंजाब अलग-अलग प्रदेश बने उस समय श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने अपनी कलम से हरियाणा को अलग राज्य बनाया क्योंकि हरियाणा का उस समय कोई विकास नहीं हो रहा था। उसके बाद उन्होंने एक एस०वाई०एल० के नाम से एवार्ड दिया जिसका नाम इन्दिरा गांधी एवार्ड था। उस समय यह नहर नहीं बन सकी क्योंकि कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं रही, चौधरी देवीलाल हरियाणा के मुख्यमंत्री बने और केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। उस समय यह मुद्दा वहीं का वहीं खड़ा रहा और बहुत साल तक

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

इसका कोई निपटान नहीं हो सका। उसके बाद श्री राजीव गांधी जी प्रधान मंत्री बने तो उन्होंने राजीव-लौंगोवाल नाम से एस०वाई०एल० के बारे में एक समझौता किया परन्तु उसके बाद भी क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सत्ता नहीं रही इसलिए फिर भी एस०वाई०एल० का निपटारा नहीं हो सका। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला एस०वाई०एल० को खोदने के लिए हरियाणा के हित में दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला तब दिया, जब श्री ओम प्रकाश चौटाला इस प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे। दिल्ली में इनके सांसद उनका समर्थन कर रहे थे। भाई नरेश मलिक जी कह रहे थे कि हमने गलती की है, चौटाला को अन्दर नहीं किया। अगर हमने गलती की है तो तुमने तो इतने साल उनका समर्थन किया। (शोर) सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है। उसने भी इसका आधार जो इन्दिरा गांधी का एवार्ड था, राजीव-लौंगोवाल समझौता था, उसी के आधार मानकर अपना फैसला किया है। इस तरह से इस नहर के बनने के विलम्ब के लिए कौन दोषी है? एस०वाई०एल० बनने में विलम्ब का कारण इण्डियन नैशनल लोकदल के अध्यक्ष चौधरी देवी लाल और भारतीय जनता पार्टी रही हैं। राजीव-लौंगोवाल समझौते का विरोध चौधरी देवीलाल जी ने और डॉ० मंगल सैन जी ने किया था। अगर उस समय विरोध नहीं किया होता तो इस नहर का 90 प्रतिशत खुदाई का काम तो उस समय हो गया था?

डॉ० सीता राम : पानी वाले समझौते का विरोध हमने कब किया था।

डॉ० सुशील इन्दौरा : ******

श्री अध्यक्ष : इन्दौरा साहब, सदन के नेता खड़े हैं प्लीज आप अपनी सीटों पर बैठें। Please Indora Sahib, take your seat. Nothing to be recorded.

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मैं इनसे पूछना चाहता हूँ कि न्याययुद्ध किसने चलाया था? आज सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला हरियाणा के हित में दिया है उसका आधार क्या है? इन्होंने तो इन्दिरा गांधी एवार्ड और राजीव गांधी-लौंगोवाल समझौते का विरोध किया था। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने तो एस०वाई०एल० कैनाल को बनाने के आदेश दिये थे और राजीव गांधी ने इस नहर के निर्माण कार्य के लिए 700 करोड़ रुपये देकर इस कार्य को आगे बढ़ाया था। अब नई सरकार आने के बाद जब सरकार ने बी०एम०एल०-हाँसी-बुटाना नहर को बनाने का काम शुरू किया है तो ये माननीय सदस्य उसका भी विरोध कर रहे हैं। ये बताएं कि ये इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? जो इसका विरोध कर रहे हैं वही ताकत, वही व्यक्ति एस०वाई०एल० का भी विरोध कर रहे हैं क्योंकि ये एस०वाई०एल० को बनाना नहीं चाहते। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, इन्दौरा जी एक घंटे तक बोले हमने इनको बीच में नहीं टोका और अब ये सच्चाई और हकीकत को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। जो कुछ मैं कह रहा हूँ यह तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले में लिखा हुआ है। पूर्ण रूप से एस०वाई०एल० कैनाल के विलम्ब के लिए ये लोग दोषी हैं। अध्यक्ष महोदय, यदि एस०वाई०एल० कैनाल की खुदाई हुई है तो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई और एस०वाई०एल० कैनाल का पानी भी हम ही लेकर आयेंगे। इन लोगों ने तो एस०वाई०एल० के नाम पर जनता को धोखा दिया है। लेकिन जनता अब इनकी चालाकी समझ चुकी है। इसके अतिरिक्त इन्दौरा साहब ने सैंट्रल स्पोंसर्ड स्कीम्ज के बारे में कहा कि इनकी सरकार के समय में इन स्कीम्ज के तहत प्रदेश को बहुत पैसा मिलता था और अब नहीं मिल रहा है। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि वर्ष 2004-05 के दौरान जितनी भी सैंट्रल स्पोंसर्ड स्कीम्ज थीं

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा]

उनमें प्रदेश का शेयर केवल 263 करोड़ रुपये का था जबकि इन्होंने कहा कि यह शेयर 596 करोड़ रुपये का था। इनको यह नहीं मालूम कि वह शेयर नॉन प्लान को मिलाकर था। प्लान का तो 263 करोड़ रुपये का ही शेयर था। अगर इस बात का इनको ज्ञान नहीं है तो मैं क्या कर सकता हूँ? मैं इनको बताना चाहूँगा कि वर्ष 2005-06 में रिवाईज्ड एस्टीमेट्स 418 करोड़ रुपये थे जो इस बजट में बढ़कर 540 करोड़ रुपये हो गये हैं। अध्यक्ष महोदय, हम तो 263 से 540 करोड़ रुपये तक पहुंचे हैं। इसके अतिरिक्त जो 10 कि०मी० की लम्बाई में हाईवे बना है जिसमें 3.408 कि०मी० पानीपत का अलीवेटिड एरिया है जिसके बारे में गाबा साहब ने जिक्र किया था उस हाईवे को बनाने का कार्य इस वर्ष शुरू हो जायेगा। इसके अतिरिक्त रिवाड़ी से झज्जर-रोहतक की रेलवे लाइन बनाने की लोगों की बहुत पुरानी मांग थी उनकी यह मांग अब पूरी हो गयी है। यह हरियाणा के लिए फेट कोरीडोर है। यह रेलवे लाईन पूरे हरियाणा को कनैक्ट करेगी। इसके लिए भारत सरकार ने पैसा दिया है, यह रेलवे लाईन तीन साल में पूरी हो जायेगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली से रोहतक रेलवे लाईन की इलैक्ट्रिफिकेशन के लिए भी भारत सरकार ने पैसा दिया है और 340 करोड़ रुपये रेलवे लाईन के अपग्रेडेशन के लिए 'भारत निर्माण' स्कीम के तहत भारत सरकार ने हमें दिए हैं। अध्यक्ष महोदय, सैंट्रल स्पोंसर्ड स्कीम्ज में कहीं पर भी कोई कमी नहीं है। इनके अतिरिक्त और भी बहुत सी बातें हैं लेकिन ये लोग शायद पढ़कर नहीं आते या हरियाणा के विकास में रुचि नहीं रखते इसलिए ये इस तरह की बातें करते हैं। इसके अतिरिक्त स्टेटवाईज रेंज नेटवर्क के लिए 102 करोड़ रुपये का प्रोजैक्ट है जिसमें 62.64 करोड़ रुपये का शेयर भारत सरकार का होगा। ई-गवर्नेंस प्रोग्राम की स्कीम भी 999.55 करोड़ रुपये की है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने पानीपत में टैक्सटाईल कलैस्टर मंजूर किया है जिसकी लागत 54 करोड़ रुपये होगी। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने लाईट इंजीनियरिंग गुड्स कलैस्टर फरीदाबाद में 72 करोड़ रुपये की लागत का मंजूर किया है। इसी तरह से भारत सरकार नैशनल आटो टैस्टिंग रिसर्च इन्फ्रास्ट्रैक्चर प्रोजैक्ट मानेसर में लगाने जा रही है जिस पर 400 करोड़ रुपये का खर्चा आयेगा। इसी तरह से प्लास्टिक इंजीनियरिंग टैक्नोलोजी प्रोजैक्ट पानीपत में भारत सरकार की तरफ से लगाया जायेगा जिस पर बहुत भारी लागत आयेगी। इसके अतिरिक्त मेगा फूड पार्क भी मंजूर किया हुआ है। अध्यक्ष महोदय, इस तरह से भारत सरकार की कोई ऐसी स्कीम नहीं है जिसका फायदा हरियाणा प्रदेश को न हो रहा हो। अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथियों को बताना चाहूँगा कि जिस समय हमारी सरकार बनी और जब पहली कैबिनेट की मीटिंग हुई तो उस समय मैंने अपने साथियों को कहा था कि हमारी सरकार जनहित की सरकार है और कांग्रेस पार्टी का हाथ गरीब आदमी के साथ है इसलिए कोई भी फैसला करने से पहले आपने यह देखना है कि इस प्रदेश की गरीब जनता को उससे क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं। हमारी कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी जी का भी यही कहना है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए बहुत से जनहित के फैसले हमने किए हैं। हरिजनों और बैकवर्ड क्लास के कल्याण के लिए जो 85वां अमैंडमैंट संविधान में किया गया है और इसके तहत जो 7000 पोस्टों का बैकलोग रिजर्व कैटेगरी का है, उसको जल्दी पूरा करने के आदेश सरकार ने दिए हैं। जो एस०सी० फाईनैंशियल कारपोरेशन का पैसा है सरकार उसके प्रति चिन्तित है इसलिए एस०सी० फाईनैंशियल कारपोरेशन का जो पैसा बैकवर्ड क्लासिज निगम का जो पैसा था उसको सरकार ने 4.69 करोड़ रुपये रि-इम्बर्स किया है। सफाई कर्मचारियों को चाहे वे म्यूनिसिपल कमेटीज में कार्य कर रहे हैं, चाहे सरकार में नौकरी कर रहे हैं, उनके वेतन में 200 रुपये प्रतिमाह की हमने बढ़ौतरी की है। (इस समय मेजें थपथपाई गईं) अनुसूचित जातियों के लोगों को दिए जाने वाले लोन के लिए हमने एक प्रतिशत रेट ऑफ इण्टरस्ट कम किया है

और उनको स्कॉलरशिप्स भी दिये हैं। गरीब लोगों के लिए 'इन्दिरा गांधी प्रियदर्शनी विवाह शुगन' योजना चलाई है और मकानों के निर्माण के लिए अनुदान राशि 10 हजार से बढ़ा कर 15 हजार रुपये की है। इसी प्रकार से 50 हजार रुपये तक की हमने दलित को जमीन खरीदने के लिए राशि दी है। अगर कोई दलित दो एकड़ जमीन खरीदेगा तो उसके लिए 5 लाख रुपये की कीमत में से सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सबसिडी देने का फैसला किया गया है। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार के बहुत से फैसले सरकार द्वारा किये गये हैं और हर वर्ग के लोगों के हित के लिए काम किए गए हैं। चौकीदारों को हमने 400 रुपये दिए हैं। गांव में एक गरीब चौकीदार होता है और सारे कामों की जिम्मेदारी उसकी होती है इसलिए उसको 400 रुपये की बढौतरी सरकार ने दी है। इसी प्रकार से नम्बरदारों को भी बढ़ौतरी दी है। अध्यक्ष महोदय, हर वर्ग के लोगों को हमने कई प्रकार की सुविधाएं दी हैं। सोशल वैल्फेयर स्कीमों के तहत हमने कई प्रकार की सुविधाएं दी हैं और इसके लिए हमने बजट में 40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि सोशल वैल्फेयर स्कीम्ज हमारी सरकार का ह्यूमन फेस है। ह्यूमन फेस को ध्यान में रखकर ही हमारी सरकार काम करती है और गरीब आदमी का ख्याल रखती है। इसी कारण 40 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान रखा गया है। हालांकि मेरे ख्याल से यह भी नाकाफी है इसलिए इस 40 करोड़ रुपये की राशि को बढ़ाकर 80 करोड़ रुपये का प्रावधान हम सोशल स्कीमों के लिए कर रहे हैं। 40 करोड़ की बजाए 80 करोड़ रुपये से हम सोशल स्कीमों का काम करेंगे ताकि हर आदमी तक उसका लाभ पहुँचे। अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के प्रति हमारी सरकार जागरूक है। शिक्षा के बारे में बोलते समय कई सदस्यों द्वारा स्कूलों की बात कही गई है। बेहतर शिक्षा के लिए मॉडल स्कूलों का प्रावधान भी हम करने जा रहे हैं। शिक्षा के बारे में जैसे कि शिक्षा मंत्री जी ने बताया है कि तीन मॉडल स्कूल तो हम इस वर्ष में चालू कर चुके हैं। हमने जनता से जो वायदे किए थे वह सारे हम पूरे कर चुके हैं। हर जिले में एक-एक मॉडल स्कूल होगा। हम जो वायदे करते हैं उनको निभाते भी हैं और कोई झूठ नहीं बोलते हैं। हमने अलग हाईकोर्ट के बारे में कह रखा है और विधान सभा में पहले भी इस बारे में प्रस्ताव पास किया था। हाईकोर्ट के बारे में आज मैं फिर कह रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय, हम जो कहते हैं वह करते हैं आज फिर मैं इस बात को दोहरा रहा हूँ कि हरियाणा का हाईकोर्ट अलग बनेगा। अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि सरकार ने जो काम किये हैं हमारे विपक्ष के साथी उनके प्रति कोई भी बात कहें लेकिन पहले उसके बारे में दरयाफ्त करके तसल्ली जरूर कर लें। अच्छे काम हमने किये हैं लेकिन हमारे विपक्ष के भाई उन्हें अच्छा नहीं बताते हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं सभी सदस्यों का आभारी हूँ कि उन्होंने बजट पर बहुत अच्छे सुझाव रखे हैं। जो भी अच्छे सुझाव आए हैं उन पर हम पूरा ध्यान देंगे और जो सुझाव जनहित के होंगे उन पर कार्यवाही करके हम अमल करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

Mr. Speaker : Hon'ble Members, now, the Finance Minister will give reply on the Budget Estimates for the year 2006-07.

शिक्षा मंत्री (श्री फूल चन्द मुलाना) : अध्यक्ष महोदय, इससे पहले कि माननीय वित्तमंत्री जी रिप्लाई दें मैं एक बात कहना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने एस०वाई०एल० कैनाल के मुद्दे पर भी कहा और कानून व्यवस्था के बारे में भी उन्होंने कहा है। अध्यक्ष महोदय, जब इनका राज था तो उसके बारे में मैं एक शेर अर्ज करने की इजाजत चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय,

अपने नापाक इरादों को यूं ना नंगा करो
ये कहीं बर्बाद न कर दें हमारे प्रांत को।

वित्त मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन के सभी सदस्यों का बहुत आभारी हूँ कि उन्होंने अपने अनुभव के अनुसार बजट 2006-07 के बारे में अपने विचार रखे और बहुत से बहुमूल्य सुझाव भी दिए। उनके बहुमूल्य सुझावों का ही यह नतीजा और फायदा है कि आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दो घोषणाएं की हैं। चालीस करोड़ रुपये जो एस०सीज० और बी०सीज० या समाज का जो गरीब तबका है, उसके लिए बजट में रखे गए थे लेकिन उनके लिए अब 40 करोड़ की बजाय 80 करोड़ रुपये होंगे यानी यह राशि डबल कर दी गई है। (इस समय मेजें थपथपाई गईं)। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने सदन की इच्छा के अनुसार ही फाईनांस डिपार्टमैंट को यह कहा कि यह राशि बढ़नी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हमने सारा जोड़-तोड़ लगाकर 40 करोड़ रुपये की राशि दी है। मैं तो यही कह सकता हूँ कि समाज कल्याण के लिए हमें कितना धन देना पड़े हम उससे पीछे नहीं हटेंगे। (इस समय मेजें थपथपाई गईं।) इसके साथ जो दूसरा महत्वपूर्ण ऐलान हुआ है उससे मैं ज्यादा सन्तुष्ट हूँ क्योंकि मेरी पृष्ठभूमि खेलने की ही रही है। अध्यक्ष महोदय, 40 करोड़ रुपये खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए, खेलों का मूलभूत ढांचा गांवों में तैयार करने के लिए एच०आर०डी०एफ० से मिले हैं। इसके अलावा डिपार्टमैंट का जो पैसा है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूँ कि पंचकूला और गुड़गांव में जो बड़े-बड़े स्टेडियम बने हुए हैं वे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान हैं। वहां पर जो लोजैस्टिकस इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं उनसे हम दुनिया भर के ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को तो प्रोत्साहित कर सकते हैं लेकिन गांवों में और देहातों में रहने वाले जो प्रतिभाशाली युवा हैं वे उन सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, खेलों के लिए यह जो पैसा हमने अब रखा है इसको हम देहातों और गांवों में ही लगाएंगे और इससे गांवों और देहातों के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। (विघ्न) पिछली सरकार ने तो साढे पांच साल के राज में लोगों को पथ-भ्रष्ट करने की कोशिश की थी। किसान को उस समय बिजली नहीं मिलती थी, फसलों के उचित दाम नहीं मिलते थे। अध्यक्ष महोदय, इनके दलाल उत्तर प्रदेश का गेहूं खरीद कर पलवल की मण्डियों में बेचकर पैसा कमाते थे। इनके राज में युवाओं को निराशा ही निराशा हाथ लगी थी। हमारा युवा अपराधिक गतिविधियों की तरफ बढ़ने लगा था। अध्यक्ष महोदय, जब गांवों में युवाओं के रिक्रीएशन के लिए, उनके मनोरंजन के लिए और उनकी खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए पूरा मूलभूत ढांचा तैयार होगा तो उनका मन गांव में लगेगा। जो कुछ युवाओं के मन में कुरीतियां आ गई थी, उससे हटकर वह सकारात्मक काम करेगा। हमारे बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली हैं जिसकी मिसाल हमारी लड़की सीमा आंतिल ने कामनवैल्थ गेम्ज में रजत पदक जीत कर दी है। इसके अलावा और भी मैडल हमारे खिलाड़ियों को मिलेंगे। अध्यक्ष महोदय, अगर हम युवाओं को सही ढांचा तैयार करके देंगे तो हम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी से कम नहीं रहेंगे। इसलिए मुख्यमंत्री जी ने जो दोनों घोषणाएं की हैं यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की घोषणाएं हैं। इस तरह से जो हरियाणा के युवाओं की जो निराशा की समस्या है उससे भी हम निपट सकेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में आपकी तारीफ करना चाहूँगा कि आपने बजट पर आम बहस के लिए 483 मिनट का समय दिया है। शायद ही बजट पर बहस के लिए इतना समय कभी मिला हो। बजट पर बहस के इस समय में लगभग 41 सदस्यों ने हिस्सा लिया है। इसमें कांग्रेस के 24 सदस्य बोले हैं, इनैलो के 8 सदस्य, बी०जे०पी० के दो सदस्य, 6 हमारे इन्डीपैंडेंट सदस्य और एन०सी०पी० का एकमात्र सदस्य बोला है, इन सब ने बजट पर हुई बहस में हिस्सा लिया है और अपने अमूल्य सुझाव उन्होंने दिए हैं। स्पीकर सर, मैं अपनी बात बजट पर दूसरे तरीके से शुरू करना चाहता हूँ। आनरेबल मैम्बर्ज ने बजट के बारे में हमें अपने सुझाव दिए हैं। मैं अगर बजट के बारे में चर्चा करूँगा तो ज्यादा ठीक रहेगा क्योंकि जब डिमांडज पर मैम्बर्ज बोलेंगे या जब वे अपने-अपने इलाकों की समस्याओं के बारे में जिक्र करेंगे तो

उनका जवाब संबंधित मंत्री देंगे। मेरे कुछ मंत्रिमंडल के साथियों ने भी जवाब दिए हैं और मुख्यमंत्री जी ने भी इंटरवैंशन करके पोलिसी डिसीजन के बारे में अपनी घोषणाएं की हैं। दूसरे मंत्री जी भी चाहते हैं कि जब डिमांडज आये तो अपने-अपने महकमों के बारे में पूरे विस्तार से जो सवाल आनरेबल मैम्बर्ज ने उठाए हैं, उनका जवाब दे सकें। लेकिन मैं एक बात कहकर अपनी बात शुरू करता हूँ कि जो यह संसदीय लोकतंत्र हैं इसको हमारे संविधान के निर्माताओं ने अनेक देशों के संविधानों को पढ़कर उन पर पूरा गहन विचार करके ही यह संसदीय प्रणाली देश को दी थी। संसदीय प्रणाली का मूल मंत्र जनमत और जनहित होता है। जनमत अगर किसी के साथ है और यदि वह जनहित के कार्य करता है, अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करता है तो वह सही संसदीय लोकतंत्र है। सर, संसदीय प्रणाली कोई एक दिन में शुरू नहीं हुई। इतिहास गवाह है कि इसमें हजारों-हजारों साल लग गये। आज जो दुनिया की सबसे मैच्योर डेमोक्रेसी है इंग्लैंड की, उसको भी अपनी पार्लियामैंट्री डेमोक्रेसी को मजबूत करने में 1100 साल लग गये हैं। इसमें बहुत उतार चढ़ाव आये लेकिन उसकी जरूरत उस जमाने में भी और आज भी इसलिए महसूस की गयी क्योंकि दूसरी राज करने की कोई पद्धति, कोई गवर्नैंस ठीक नहीं हो सकती थी। चाहें वह राजतंत्र था, चाहे वह कोई डैसपोट था या चाहे वह कोई तानाशाह था उन्होंने सबने कोशिश यह की थी कि जब-जब उन्होंने सत्ता हासिल की तो एक मात्र तानाशाह के इशारे पर सब कुछ होता था और स्पीकर सर, एक समय तो ऐसा भी आ गया था जब फ्रांस के अंदर लुईफोर्टिस यह कहता था कि I am the State. मैं राजा हूँ मेरा हुक्म है और मैं जो चाहूँगा वही होगा। स्पीकर सर, ऐसे ही अंश श्रीमान चौटाला जी ने अपने साढ़े पांच साल के राज में दिखाये। मैं इसके कई रैफरैन्स आपको देकर बता सकता हूँ कि उनकी किस तरह की तानाशाही प्रवृत्ति थी। मैं इसमें इन भाइयों का दोष नहीं बताता। इनको दोषी मैं इसलिए मानता हूँ कि इन्होंने अगर अपने अधिकारों का प्रयोग अपनी निस्वार्थ भावना से किया होता, निडर होकर करते तो चौटाला साहब या उनके बेटों की इतनी हिम्मत नहीं हो सकती थी कि वे इतनी निरंकुशता से हरियाणा पर राज करते।

डॉ० सुशील इन्दौरा : आन ए प्वायंट ऑफ ऑर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, इनको इस तरह की बातें सदन में करना शोभा नहीं देता। ऐसी बातें अगर ये किसी सभा में करें तो दूसरी बात है।

श्री बीरेन्द्र सिंह : कौन सी बातें। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि पहली बार सन् 1215 में इंग्लैंड की जनता ने अपने बादशाह को आकर कहा कि हम आपका राज नहीं चलने देंगे। पहली बार किसी निरंकुश बादशाह ने अपने लोगों की बात से सहमत होकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किये कि मैं आपकी बात मानता हूँ मुझे आप सिर्फ राज चलाने की इजाजत दे दीजिए बाकी काम जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करेंगे। हालात यहाँ तक हो गये थे कि निरंकुशता की जो पराकाष्ठा है उसकी कोई सीमाएं नहीं होती। उस समय एक समय ऐसा भी आया कि इंग्लैंड का बादशाह देश छोड़कर भाग गया। हमने शुरू में ही यह बात मानी और हम इस बात को समझते थे कि चौटाला साहब एक रणनीति के तहत एक साल तक अपनी शक्ल हरियाणा की जनता को और हरियाणा की विधानसभा को नहीं दिखाना चाहते क्योंकि वे लोगों की निगाहों को फेस ही नहीं कर सकते।

13.00 बजे

डॉ० सुशील इन्दौरा : ऑन ए प्वायंट ऑफ आर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, सदन के माननीय सदस्य चौटाला साहब बीमार हैं, स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वे सदन में नहीं आ सके। कई माननीय सदस्य ऐसे हैं जो अपनी बीमारी के कारण या किसी और वजह से सदन की कार्यवाही में पार्टीसिपेट नहीं कर पाये हैं दूसरे सदस्य जो बीमार हैं वे भी सदन में नहीं आ रहे हैं। इसलिए एक ही सदस्य के बारे में ऐसा कहना गलत बात है। (शोर)

श्री बीरेन्द्र सिंह : मैं आपकी बात पर सहमति जताता रहा क्योंकि तब वे अस्वस्थ थे हमने भी यह महसूस किया था लेकिन यह तो आप कहते हैं कि वे पब्लिक मीटिंग करते हैं और जनता में चार घण्टे तक अपना भाषण देते हैं। उन्हें एक बार तो ऐसा जोश आया कि उन्होंने स्ट्रैचर से उठकर कुर्सी पर बैठकर भाषण दिया। वे यहां पर भी कुर्सी पर बैठकर भाषण दे सकते थे। हम उनको यह नहीं कहते थे कि खड़े होकर बोलो।

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, सदन के माननीय सदस्य बीमार हैं इसलिए वे हाउस में नहीं आ सकते। इनके भी तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बीमार हैं इसलिए वे सदन में नहीं आए हैं। इसलिए ऐसी बात करना ठीक नहीं है।

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, जो कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं वे भी सदन में नहीं आए हैं उनके बारे में आप बात क्यों नहीं करते?

Mr. Speaker : Don't interrupt. Please sit down.

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, माननीय सदस्य अपनी आँखों का इलाज करवायें हमारी पार्टी के अध्यक्ष आज भी आये हुए थे और रोज आते हैं।

श्री बीरेन्द्र सिंह : हमने अपने घोषणा-पत्र में हरियाणा की जनता के सामने दो विकल्प छोड़ दिए। एक तो यह कि आप चौटाला का शासन-प्रशासन चाहते हो या पार्लियामेंटरी डैमोक्रेसी में विश्वास रखते हो। अपने घोषणा-पत्र के स्टारटिंग पैरा में हमने यह लिखा था। It is going to decided whether the State would lap into the total anarchy marked by local break-down by law and order, unmanageable crisis in agriculture, crisis in industry, education, health, employment and social harmony and other vital fields of socio-economic life of the State और एक बात यह कही थी कि आप किस किस्म का शासन चाहते हैं, किस किस्म की शासन पद्धति से आप गुजारा करना चाहते हैं। आप पिछड़ेपन को तरजीह देना चाहते हैं या फिर ऐसा राज्य चाहते हैं where it would emerge as a resurgent State rapidly marching to the prosperity and social harmony. स्पीकर सर, इस तरह के मुद्दों को लेकर हम हरियाणा की जनता के बीच में गये थे। उस समय जिस किस्म का मतदान हुआ वही एक वजह थी कि आज विपक्ष के लोग डिमोर्लाईज हो रहे हैं। आज इनकी पार्टी को टोटली रिस्ट्रक्चरिंग करने की जरूरत है। इनको चौटाला को छोड़कर कोई दूसरा लीडर छांट लेना चाहिए। वे या तो श्री सम्पत सिंह जी को छांट लें या फिर डॉ० सीता राम जी को छांट ले (शोर) जिस तरह की लीडरशिप चौटाला साहब ने इनकी पार्टी को दी है वह निरंकुश शासन और तानाशाही शासन पद्धति थी जिसके बारे में हम कुछ करते या न करते आज यह सवाल नहीं है क्या हरियाणा के लोग उस तरह के जालिम की सरकार को पांच साल बाद लाना चाहेंगे? एक भी हरियाणा का लोग इसका पक्षधर नहीं है (शोर) आप लोग सुनिये, यह बात मैं इसलिए कहता हूँ क्योंकि इनकी पार्टी ने चुनाव से पहले हरियाणा प्रदेश में एक सर्वे करवाया था और जिस एजेंसी ने यह सर्वे किया था वह एजेन्सी हमारी नहीं थी बल्कि वह एजेन्सी नेशनल इलैक्शन स्टैडी 2004 थी जिसने यह सर्वे किया था। वर्ष 2004 में एक स्टैडी हुई जिसमें पाया गया कि चौटाला के 45 प्रतिशत वर्कर यह मानते हैं कि उनके खिलाफ कोई भी बोल नहीं सकता। स्पीकर सर, ये लोग जो अब विपक्ष में बैठे हुए हैं इनको चौटाला नेता तो मानने नहीं देता। (विघ्न) Chautala's own party workers are of the view that under Chautala rule no one can

speak against him. (Interruptions).

श्री बलवंत सिंह : अध्यक्ष महोदय मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। इनको चौटाला जी के एक छोटे से वर्कर ने ही चित कर दिया था। (विघ्न)

श्री बीरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, वर्कर ने चित नहीं किया था, इनकी झूठ ने चित किया था।

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला): अध्यक्ष महोदय, मेरा भी प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। ये छोटे से वर्कर की बात कर रहे हैं। लेकिन हमने इनके नेता को तीन–तीन बार चित किया है और इस बार भी किया है। (विघ्न) एक साल हो गया है इनके नेता की विधान सभा में आने की हिम्मत नहीं हुई है। (विघ्न) हमारे से चित होने के बाद इनके नेता में आज तक खड़े होने की हिम्मत नहीं हुई है।

श्री बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर सर, मैंने भी इनके नेता को चित किया था क्या ये उस बात को भूल गये हैं। इसके अतिरिक्त हमारे मुख्यमंत्री महोदय ने चार बार उनके पिता चौधरी देवी लाल को चित किया था। (विघ्न) मैं तो इनको यही सलाह देता हूँ कि ये किसी भले आदमी को अपना नेता छांट लें। (विघ्न) मैं डरता नहीं, मैं यह महसूस करता हूँ कि जिस बेरहमी से प्रजातंत्र के सारे मूल्यों को, मर्यादाओं को ताक पर रखकर चौटाला ने साढे पांच साल राज चलाया उसको प्रदेश की जनता भूली नहीं है। उन्होंने प्रदेश के हालात ऐसे कर दिए हैं कि हमें संवारते–संवारते समय लगेगा। मैं यह कहता हूँ कि उस समय टोटल ब्यूरोक्रेसी में डीमोरलाईजेशन थी। यह कहां का प्रजातंत्र था कि कोई भी छुट्ट–भया अपने को नेता बताकर डी०सी० के आफिस में घुसकर अपने आप मोबाइल फोन मिलाकर डी०सी० को कहे कि लो भाई साहब से बात करो? जो अधिकारी थे उनके अंदर इन्होंने अपने राज के समय इन–सिक्योरिटी की भावना पैदा कर दी थी। जिसके परिणाम हमें आज भुगतने पड़ रहे हैं। यदि आप एक किस्म से प्रजातंत्र में अपनी कार्य प्रणाली को सुव्यवस्थित करके नहीं चलेंगे कि किसके क्या अधिकार हैं, क्या कर्तव्य हैं तो वह कार्य प्रणाली डूब जायेगी। इसलिए प्रजातांत्रिक कार्यप्रणाली में सभी के अधिकारों का बंटवारा करना बहुत जरूरी है लेकिन पिछली सरकार में ऐसा नहीं हुआ। यही कारण था कि जो अफसरशाही थी उसमें पूरे तौर पर दम नहीं था कि वे चौटाला के सामने कुछ बोल सकें। इन्दौरा जी ने तो बड़े सरल स्वभाव से यह कह दिया कि इनकी सरकार ने पिछली बार 40 प्रतिशत एनयुल प्लान में बढ़ा दिया था लेकिन इस बार केवल 8 प्रतिशत बढ़ाया है। अध्यक्ष महोदय, कभी इन्होंने अपने पांच साल का हिसाब देखा है? 1800 करोड़ रुपये से एनयुल प्लान की स्कीम इनकी शुरू हुई थी जिस समय ये सत्ता में आये थे और जब सत्ता से गये तो 2050 करोड़ रुपये पर बंद हुई थी। पांच साल में सिर्फ लगभग 200 करोड़ रुपये का इन्क्रीज हुआ था। अध्यक्ष महोदय, हमने तो एक साल के अंदर लगभग 1400 करोड़ रुपये का इन्क्रीज दिखाया है जो कि अपने आप में इतिहास है। यदि मेरे साथी तथ्यों की बात करते हैं तो इन्होंने अपने समय में तो प्रदेश में प्रगति के नाम पर कुछ नहीं किया। मैं तो यह कहता हूँ कि जिस समय हम सत्तासीन हुए हम यह समझते थे कि यदि हरियाणा के विकास की रफ्तार में तेजी नहीं आयेगी तो हम हरियाणा की जनता के साथ इंसाफ नहीं कर सकेंगे और हरियाणा की जनता ने जो मेनडेट हमें दिया है उस पर हम खरा नहीं उतरेंगे। हमारे जो पथ प्रदर्शक थे और जिस चीज को लेकर हम चले उसमें साफ था और चिदंबरम जी ने भी इस बार अपनी बजट स्पीच में कहा है कि—

"Growth will be our mount, equity will be our companion and civil justice will be our destination."

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

इन चीजों को लेकर हम आगे बढ़े हैं और इन्हीं चीजों को अपना पैमाना मान कर हमने अपना बजट पेश किया है। इन्दौरा जी को मैं एक बात कहूँगा कि लोकमान्य तिलक, गोखले तथा महात्मा गांधी जी ने जो स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी थी तो उनका सबसे बड़ा निशाना यह था कि इस देश में कोई निरंकुश शासक न हो और यह देश प्रजातांत्रिक तरीके से चले। लेकिन जब-जब किसी ने इस प्रजातान्त्रिक ढांचे पर आक्षेप करने की कोशिश की, इस पर हमला करने की कोशिश की, इस देश की जनता ने उनको कभी बख्शा नहीं। यह कारण है कि हरियाणा की जनता के सामने आज मुखर होकर ये लोग यह नहीं कह सकते हैं कि इन्होंने लोगों के साथ इन्साफ किया होगा। कितने ही ऐसे लोग और राजनीतिक कार्यकर्त्ता मैं बता सकता हूँ जिनके विरुद्ध इन्होंने झूठे मुकद्दमे बनाए और धारा 120-बी का सहारा लेकर हर आदमी को फंसाने की कोशिश की। यहां पर कितने ही आदमी बैठे हुए हैं जिन्होंने इस प्रकार के मुकद्दमों का सामना किया है, आनन्द सिंह डांगी, तेजेन्द्र पाल सिंह मान और परली तरफ दो पंडित जी बैठे हुए हैं, वे ऐसे ही आदमी हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूँ कि अगर द्वेष की भावना से अपने शासन में लोगों से पेश आते हैं तो यह प्रजातंत्र के लिए अच्छा लक्षण नहीं है। द्वेष भावना के कारण कितने ही ऐसे आदमियों के साथ इनकी सरकार द्वारा अन्याय किया गया। उन दिनों में एक कथा सुनने में आती थी क्योंकि लोगों को तंग करने के सैंकड़ों उदाहरण हैं। अध्यक्ष महोदय, यह आगे वाले दो एम०एल०ए० साहेबान हैं। यह तो पहले भी एम०एल०ए० थे। जब भी कभी चौटाला साहब से मिलना होता था तो ये चौटाला साहब से फोन पर पूछते थे कि मिलना है तो वे कहते थे कि चार बजे आ जाना। वे दफ्तर में बुलाते थे या घर पर बुलाते थे इसका तो मुझे पता नहीं। चार-पांच एम०एल०एज० को मिलने का टाईम दे दिया और उनसे 15 मिनट पहले हरियाणा के दस बड़े बदमाशों को टाईम दे दिया। (विघ्न) यह मनघड़ंत कहानी नहीं है। (विघ्न)

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इनको वह समय याद न करवाएं क्योंकि इन दोनों को अभी भी कंपकंपी चढ़ती है। आप इन लोगों को देखिये सारे के सारे ऊपर से नीचे तक हिलने लग रहे हैं (विघ्न)

श्री बीरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, पता नहीं इनके साथ यह बीती या नहीं बीती लेकिन उनका एक मॉडस ऑफ एपरैंडिस था, एक तरीका था। अध्यक्ष महोदय, मैंने एक बहुत बड़े साधु को भी देखा है। हम भी एक दो बार वहां पर गए थे। वह भी ऐसा ही करता था। टाईम दे देता था और उससे पहले बड़े लोगों को बुला लेता था ताकि जो बाद में आए वह देखे कि यह तो बहुत बड़ा साधु है, इसके पास तो बड़ा माल है। इसके पास इतने बड़े-बड़े नेता आए हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, इनके जो मुख्यमंत्री थे, वह 6-8 बदमाशों को बिठा कर उन एम०एल०एज० को दिखाते थे और फिर उनसे पूछते थे कि अब तूं उल्टे सीधे काम तो नहीं करता तो जवाब मिलता कि नहीं जी अब तो नहीं करता। वह फिर बदमाश से पूछते कि पहले कितने आदमी टपाए तो जवाब होता था कि 12 टपा दिए। (विघ्न)

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, जो यह बात बता रहे हैं यह उन दिनों आमतौर पर चलती थी। मैं एक जगह गया था तो मुझे कुछ आदमियों ने कहा कि हमारा विधायक पिट गया, मैंने कहा कि क्यों पिट गया, तुम लोग कहाँ थे ? वह तुम्हारा मुमाइंदा है इसलिए तुम्हारा फर्ज बनता है कि जिसे अपना मुमाइंदा चुना है अगर कहीं पर उसकी पिटाई होती है तो उस विधायक को बचाएं तो वे लोग बोले कि हम क्या करें अब तो वे जहाज में पीटते हैं। (हंसी) (शोर एवं व्यवधान)।

श्री आनन्द सिंह डांगी : डॉक्टर साहब, अन्दर से तो आप लोगों के भी यही बात आती है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : इन्दौरा जी, आपको अपनी बहादुरी की चर्चा सुनने के लिए बहादुरी चाहिए। आप इसको सुनने की बहादुरी दिखाएं। (शोर एवं व्यवधान) आपकी बहादुरी की तो बहुत चर्चाएं हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती अनीता यादव : अध्यक्ष महोदय, आपने भी इनके मोडे टूटे हुए प्रैक्टिली देखे हैं. (शोर एवं व्यवधान)

डॉ० सुशील इन्दौरा : आप यह बताएं कि एमरजैंसी किसने लगाई थी, कौन एमरजैंसी लगाने वाला था? आप भी उसमें शामिल थे।

श्री धर्मपाल सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, मैं भी आपके माध्यम से सदन में एक वाक्या बताना चाहूँगा। (शोर एवं व्यवधान)

श्री आनन्द सिंह डांगी : अध्यक्ष महोदय, डॉक्टर इन्दौरा को एनिस्थीसिया का इन्जैक्शन लगवायें। (शोर एवं व्यवधान) इन्दौरा जी, अपनी बहादुरी सुनने की हिम्मत रखें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री धर्मपाल सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, मैं जो एक बात बताना चाहता हूँ उसके बारे में डांगी साहब भी जानते हैं। पिछले राज में इनके साथ हमारा एक भाई था, उसका एक हाथ टूटा हुआ था, वह मुझे मिल गया। मैंने उससे पूछा कि भाई साहब यह क्या हो गया? तो उसने कहा कि हाथ टूट गया है। मैंने उससे कहा कि मैंने सुना है चौटाला के लड़के ने यह हाथ तोड़ा है तो उन्होंने यह जवाब दिया कि मैंने भी यही सुना है। (हंसी)

श्री बीरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि हरियाणा की जनता कभी ऐसे आदमियों को जिन्होंने प्रजातन्त्र का गला घोटा हो, जिन्होंने आम आदमी से अपनी जिंदगी जीने का हक भी छीन लिया हो, माफ नहीं करती है। अध्यक्ष महोदय, हमने अपने इलैक्शन के मैनिफैस्टों में कोई ऐसे वायदे नहीं किए थे जो पूरे न हों। हमारा मुद्दा वही था जिस बारे में आम आदमी सोचता था। इनके राज में आम आदमी के जीने पर ही प्रश्न चिह्न लग गया था। वह सोचता था कि आज वह घर से जाएगा तो पता नहीं सही सलामत शाम को घर पर भी आ पाएगा या नहीं। अध्यक्ष महोदय, ऐसे प्रशासन पर से, ऐसी शासन पद्धति पर से, ऐसे मुख्यमंत्री पर से और ऐसी पार्टी पर आम आदमी का विश्वास उठ गया था। इसलिए आम आदमी ऐसी पार्टी को वोट देना भी पाप समझता था। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मुलाना साहब ने एक शेर कहा था। मैं भी वही कहता हूँ कि चौटाला साहब से और इनके लोगों से जनता को नाराजगी नहीं थी बल्कि नफरत थी नफरत। हमसे उनको नाराजगी हो सकती है नफरत नहीं हो सकती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों की साथी रही है। (शोर एवं व्यवधान) मैं यह कहता हूं कि आप इस बात के लिए सपने न लो कि आप लोगों को ज्यादा देर तक गुमराह कर सकते हो। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, एक छोटे से बच्चे ने कहा है कि आपने राजनीति में झूठ कहा है। मैं तो यह कहता हूं कि जो भी राजनीति में झूठ कहते हैं या अपने घोषणा पत्र में झूठे वायदे करते हैं उनको बाद में जनता की मार तो सहनी ही पड़ती है। उन्होंने कहा था कि हम सत्ता में आएंगे तो बिजली मुफ्त देंगे। (शोर एवं व्यवधान) मैं इनसे पूछता हूँ कि इन्होंने अपने घोषणा में क्या कहा था। इन्होंने इनकी सरकार बनने के बाद भी झूठ बोला। (शोर एवं

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

व्यवधान) क्यों बोला था कि हम बिजली मुफ्त देंगे और बिजली के बिल माफ कर देंगे। (शोर एवं व्यवधान) इनैलो की पार्टी ने बहुत झूठ बोला है। मैं भी मुलाना साहब की तरह एक शेर सुना देता हूँ।

रात को दिन से मिलाने की हवस थी उसको,
रात को दिन से मिलाने की हवस थी उसको,
काम अच्छा न था, अन्जाम भी अच्छा न हुआ।

(शोर एवं व्यवधान) पिछली सरकार के कार्यकाल का इतना बुरा होगा कि आने वाली पीढ़िया भी इनको माफ नहीं करेंगी। (शोर एवं व्यवधान) इन्होंने 12 लाख लोगों को सड़क पर छोड़ दिया था, बेरोजगार के अंधकार में डाल दिया था। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, वित्तमंत्री जी बजट पर रिप्लाई दे रहें हैं या छींटाकसी कर रहे हैं। हम यहां पर यह सब सुनने के लिए नहीं आए हैं। **(इस समय इण्डियन नैशनल लोकदल के सभी सदस्य बिना इजाजत के बोलने के लिए खड़े हो गए।**

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, जब कोई दूसरा सदस्य बोल रहा हो तो इन्दौरा जी हर एक सैकेन्ड के बाद इन्ट्रप्ट करने के लिए खड़े हो जाते हैं। जब ये बोल रहे थे इनको किसी ने इन्ट्रप्ट नहीं किया था। अब वित्तमंत्री जी अपना रिप्लाई दे रहें हैं तो इनको आराम से बैठकर उनको सुनना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान) अब ये बिना बात के ही खड़े होकर बोलने लग जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, इनके बिहेवियर से ऐसा लगता है कि ये वाक-आउट करेंगे। इनके पास बोलने के लिए तो कुछ नहीं है और इनमें सुनने की हिम्मत भी नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री बलवन्त सिंह : * * * * * * *

डॉ० सीता राम : * * * * * *

डॉ० सुशील इन्दौरा : * * * * * * *

श्री अध्यक्ष : ये जो भी बोल रहे हैं वह कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया जाए।

वाक आउट

डॉ० सुशील इन्दौरा : अध्यक्ष महोदय, वित्तमंत्री और दूसरे मंत्री हमारी पार्टी के नेता और हमारी पार्टी के खिलाफ छींटाकशी कर रहे हैं। इसलिए हम सदन से वाकआउट कर रहे हैं।

(इस समय इण्डियन नैशनल लोक दल के सदन में उपस्थित सभी सदस्य सदन से वाक आउट कर गए।)

परिवहन मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : स्पीकर सर, इनको जल्दी से कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए। अभी इनको मुर्गा भी बनना चाहिए। स्पीकर सर, जिस तरह से स्कूल के बच्चे पीछे की दीवार को टापकर भाग जाते हैं वैसा ही ये कर रहे हैं। ये वैसे ही नालायक बच्चों में से हैं जिन्होंने पढ़ना नहीं है, सुनना नहीं है।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

वर्ष 2006-2007 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker : Finance Minister Sahib, please continue.

श्री बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर सर, मेरे कहने का सिर्फ एक ही अभिप्राय है कि अब वह जमाना लद गया जब डंडे से, निरंकुशता से, अधिनायकवाद से कोई सत्ता में रहने के लिए अपने आपको सक्षम समझेगा। अब जनता उसको पसन्द करेगी जो जनहित के काम करेगा और जनता से जुड़कर रहेगा। अगर हम भी जनता से नहीं जुड़ेंगे तो हमको भी लोग रिजैक्ट कर सकते हैं। हमारे को भी इस बात की कोई गलतफहमी नहीं है लेकिन वह आदमी जो एक साल से इस सदन में पेश नहीं हुआ, उस समय इस कुर्सी पर बैठकर यह कहता था कि मैं तो अब सत्ता से जाऊंगा नहीं, सत्ता तो मेरे नाम हो चुकी है लेकिन हरियाणा की जनता ने उसका सत्ता का सर्टीफिकेट फाड़कर उसको असैम्बली से बाहर कर दिया। हालात यह है कि जिस तरह से हरियाणा को उन लोगों ने लूटा है वह देखने वाली बात है। स्पीकर सर, चालीस एकड़ जमीन का मालिक हो और उसकी बाउंडरी वाल पर सवा तीन करोड़ रुपये का खर्चा हो तो क्या यह सही है ? (विघ्न) चलो, 40 नहीं 42 एकड़ होगी, तीस एकड़ होगी। स्पीकर सर, मेरे पास 65-70 एकड़ जमीन है लेकिन मैं तो तीन करोड़ रुपये घर पर नहीं लगा सकता, चार दीवारी की तो बात ही क्या है। आज जो लाखों करोड़ों रुपये उन्होंने हरियाणा की जनता से लूटे हैं उसका हिसाब जनता उनसे मांगती है और मांगती रहेगी। जब तक जनता को हिसाब नहीं मिलेगा तब तक वह ऐसे लोगों को दोबारा शासन की बागडोर नहीं सौंप सकते। अगर वे ख्वाब देखते हैं तो देखें। लेकिन ऐसे लोगों को जनता रिजैक्ट कर चुकी है। स्पीकर सर, उन्होंने जिस तरह से हरियाणा में अपराध की जड़ें गहरी कर दी वह बहुत गलत बात थी और आज यहां पर इन्होंने बोल दिया कि कैथल में यह हो गया वह हो गया। आज ये चिट्ठा लिए फिरते हैं। मैं कहता हूँ कि सबसे बड़ा अपराधी अगर कोई है तो वे हैं जिन्होंने अपराध को हरियाणा में शह दी और अपराध के बीज हरियाणा में बोये। मुझे खुद पता है कि 1984-85 का इलैक्शन था उस समय सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश से कट्टे लाकर जिनका हम नाम तक नहीं जानते थे, हजारों की संख्या में नौजवान लड़कों के हाथों में थमा दिए गए और हालात यहां तक बिगड़े कि आज जब हरियाणा के बारे में बात करते हैं तो उत्तर प्रदेश के लोग भी यह कहते हैं कि अब तो अपराधों में हरियाणा भी कम नहीं है। स्पीकर सर, ये लोग इन अपराधियों के जननी हैं। हमने तो यह करके दिखा दिया है और मैं आज भरे सदन में यह कहता हूँ कि अगर कोई अपराधिक प्रवृत्ति का आदमी किसी भी राजनीतिक लोगों के साथ जो सत्तासीन हैं, उठता या बैठता है तो हम यह कहेंगे कि हमने अपने फर्ज में कोताही की है। स्पीकर सर, हमने पूरे तौर पर जिनको संरक्षण मिलता था, उनको ऐलानिया तौर पर यह कहा है कि अब हरियाणा में आपके लिए कोई जगह नहीं है, हरियाणा में अब अपराध नाम की चीज के लिए कोई जगह नहीं है इसलिए सबसे बड़ी कामयाबी अगर हमारी सरकार की एक साल की अगर कोई है तो वह यही है कि हमने लोगों के दिमाग में से उस भय के वातावरण को निकाला है जो उन्होंने बना दिया था। उस समय ऐसा वातावरण बना दिया गया था जिसमें लोगों को अपनी जिंदगी जीने का हक नहीं था। हमने उस वातावरण को खत्म किया है। जो भी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग थे उनके खिलाफ हमारी सरकार ने सख्त कार्यवाही करने का काम किया है। यही नहीं महाराष्ट्र में बोम्बे के अंदर आप देखिए। Maharashtra Assembly has passed a resolution in this regard and that resolution is about 14 years old. Whenever there is a change of party that resolution is always followed. Whether Government is of Congress or coalition Government of Shiv Shiv Government with BJP that resolution is adopted. The resolution is that the administration would fight it out and would ensure that

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

there should not be any underworld activities. हमारी तो यह भावना है। ये इस भावना को मानें या न मानें। हमारी यही भावना हरियाणा में विकास से बड़ी प्राथमिकता है। हमारी प्राथमिकता लोगों को सुरक्षा देने की, गरीब आदमी को सुरक्षा देने की, उनकी झोंपड़ी बचाने की, उनके मकान बचाने की, दुकानें बचाने की और जमीनें बचाने की भी है। पहली सरकार का निशाना होता था कि किसी दुकान पर कब्जा करें, किसी जमीन पर कब्जा करें। किस तरीके से उन्होंने गुड़गांव में जाकर लूट मचाई, फरीदाबाद में जाकर लूट मचाई। मैंने खुद देखा था। मैं हैरान रह गया। एक बार रात को मुझे पानीपत रुकना पड़ा। मैं टी०वी० पर एक सीरियल देखता था जब सीरियल का टाईम हुआ और मैंने टी०वी० ऑन किया तो मुझे एक बार ऐसा लगा कि यह सीरियल तो मैंने कल देखा है यह ऐपीसोड आज कैसे? जब अगले दिन मैंने पता किया तो पता चला कि यहां ऐसा ही होता है एक दिन पहले सीरियल की रिकार्डिंग होती है और अगले दिन उसको टेलीकास्ट करते हैं क्योंकि केबल का कंट्रोल यहां के गुण्डों के हाथ में है वे दूसरे किसी आदमी को अलाऊ इसके लिए नहीं करते। जहां पब्लिक के अधिकारों का इतना हनन हो कि टेलीविजन पर भी लोग अपने प्रोग्राम नहीं दिखा सकें तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उस समय हालात क्या होंगे? लोगों ने ऐसे राज को आज रिजैक्ट किया है और इसलिए रिजैक्ट किया है कि वे लौटकर दोबारा नहीं आ सकते। अपराधिक दुनिया में आज यह मैसेज गया है कि अब हरियाणा प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होगी। लेकिन मैं एक बात जरूर कहूँगा कि यहां पर उनकी जड़ें जम गई थी। आज यह शुक्र है कि पांच साल बाद उन लोगों को जाना पड़ा। अगर उनको और ज्यादा लम्बा समय मिल जाता तो हरियाणा प्रदेश में अपराधियों और गैंग्स्टर्ज के जो आरगेनाईजड क्राईम हैं वे हरियाणा में शुरू हो जाते। उस स्थिति से हम बचे हुए हैं। आज हमारे पुलिस के अधिकारियों ने जो कदम उठाये हैं वे सराहनीय हैं। लेकिन फिर भी ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति हो तो मैं यह मानकर चलता हूँ कि कहीं न कहीं हमारी कड़ी में कोई लूजनैस है कहीं कड़ी में जरूर गड़बड़ है। इस बात को हम समझते हैं और हमारा कर्त्तव्य है कि हम उसको देखें और इसको ठीक करें। बजट के बारे में मेरे काबिल दोस्त और हाउस के मैम्बर्ज साहेबान ने अनेक सुझाव दिए और अनेक प्रश्न भी उठाये हैं। उन्होंने पहला प्रश्न बजट के बारे में उठाया। माननीय इन्दौरा साहब जो इनैलो पार्टी के डिप्टी लीडर हैं, उन्होंने वैट के बारे में कहा कि वैट के हम पायनियर हैं क्योंकि वैट तो हमारी सरकार ने शुरू किया था। मैं उनको यह कहता हूँ कि जब वर्ष 1991 में केन्द्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी थी और श्री मनमोहन सिंह जी उस समय वित्त मंत्री थे तब उन्होंने इन सुधारों का क्रम शुरू किया था और उस क्रम के ही आज ये रिजल्टस आ रहे हैं क्योंकि सुधार और रिफोर्म्ज के रिजल्ट एक दो साल में नजर नहीं आ सकते उसमें कुछ समय लगता है। (विघ्न)

बैठक का समय बढ़ाना

Mr. Speaker : Is it the sense of the House that the time of the House be extended for half an hour.

Voices : Yes, Yes.

Mr. Speaker : Time of the House is extended for half an hour.

वर्ष 2006-2007 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर सर, जब हरियाणा में चौटाला सरकार ने वैट को लागू किया तो हमने यह कहा था कि हम वैट लागू करने के लिए विरोध नहीं करते लेकिन हम यह जरूर चाहेंगे कि इस सिस्टम को यूनिफोर्मली लागू किया जाए। जब दूसरी सरकारें अपने प्रदेशों में इस सिस्टम को लागू करें तभी हरियाणा सरकार इसको लागू करे क्योंकि तभी इसके अच्छे परिणाम आ सकते हैं। लेकिन जिस तरीके से मिस डायरेक्टिड और एक खास कम्यूनिटी को, खास प्रोफैशन को निशाना बना कर वैट हरियाणा में पिछली सरकार ने लागू करने की जो कुचेष्टा की थी तो उसका हमने जरूर विरोध किया। लेकिन मैं यह भी कहता हूँ कि वैट से हमारी सरकार के अच्छे परिणाम आये हैं पिछले दो साल में पिछली सरकार का राज था और तीसरा साल हमारा था। जो इन्क्रीज हमें मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिली। पंजाब ने इन्ट्रोडयूस किया उनको 27 प्रतिशत इन्क्रीज मिली है और इनके राज में हमें 22 प्रतिशत से अधिक इन्क्रीज नहीं मिली। माननीय सदस्य डॉक्टर सीता राम जी कह रहे थे कि हमारी तो रैवेन्यू कलैक्शन में और एक्साईज में 16 प्रतिशत की इन्क्रीज है। स्पीकर सर, मैं इनको बताना चाहता हूँ कि अबकी बार हमारा टार्गेट 5600 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6900 करोड़ रुपये का था जो 1300 करोड़ रुपये बनता है। हमने यह टार्गेट प्राप्त किया है और 660 करोड़ रुपये उससे अधिक कलैक्ट किया है। स्पीकर सर, हम जब प्लानिंग कमीशन के पास गये उन्होंने कहा कि हरियाणा का जो टैक्स कलैक्शन है, फिसकल मैनेजमैंट है, वह प्लानिंग कमीशन के हिसाब से सही है। अगर हरियाणा के प्लान आऊट ले को ज्यादा भी बढ़ायें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इसलिए उन्होंने हमारी 3059 करोड़ रुपये की प्लान आऊट-ले को बढ़ाकर 3300 करोड़ रुपये से भी ज्यादा किया है। अध्यक्ष महोदय, जो 10वीं फाईव ईयर प्लान है उसमें 12000 करोड़ रुपये का जो लक्ष्य पांच साल का था, उसको अगर हमारी सरकार नहीं आती तो हम पूरा नहीं कर पाते। अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी फिगर्ज बताना चाहता हूँ। ये हमारे ऊपर आक्षेप लगाते हैं कि अब की बार एनुअल प्लान में हमारी 8 प्रतिशत की इन्क्रीज है। आप अंदाजा लगायें कि इन्होंने 1779 करोड़ रुपये से अपनी पहली एनुअल प्लान शुरू की थी और लास्ट 2058 करोड़ रुपये पर खत्म की थी। जबकि हमारी एनुअल प्लान के बारे में ये बातें करते हैं। हमारे साथी के०एल० शर्मा जी ने ठीक कहा था कि ओलम्पिक के अंदर या राष्ट्रीय स्तर पर कोई खिलाड़ी 22 फीट लॉंग जम्प करके कीर्तिमान स्थापित करता है तो यह नहीं हो सकता कि अगले साल वह खिलाड़ी 28 फीट लॉंग जम्प लगा देगा। वह 22 फीट से साढ़े 22 फीट या 23 फीट कूद सकता है। इन महानुभावों की प्लान यूटीलाईजेशन एक साल को छोड़कर कभी भी 90% या 91% से ज्यादा नहीं रही जबकि हमने अब की बार अपने एनुअल प्लान के टार्गेट अचीव किए हैं और उसके बाद 3300 करोड़ रुपये का अपना प्लान मंजूर करवाया है। एक बात मेरे साथियों ने और कही थी कि हमारा नॉन प्लान एक्सपैंडीचर बढ़ा है शायद डॉक्टर सीताराम और डॉक्टर इन्दौरा जी कह रहे थे। अध्यक्ष महोदय, आप भी यह एप्रीशियट करेंगे कि पहले जो कैपीटल असैट्स थे, हमारा इन्फ्रास्ट्रक्चर था, कहीं मिनी सक्रेटेरिट हैं, कहीं मिनी होस्पिटल हैं या कहीं स्कूल हैं, उनकी मेनटीनैंस के लिए पिछली सरकार के समय में बजट में जो पैसा रखा जाता था वह उनकी सफेदी करने लायक नहीं होता था लेकिन हमने उसमें बढ़ौतरी की है। बढौतरी इसलिए की है कि हमारे जो कैपीटल असैट्स हैं, हमारा जो इन्फ्रास्ट्रक्चर है उनकी maintenance is not only thing, it should be strengthen also. Strengthen in the sense कि अगर कोई बिल्डिंग 50 साल के लिए बनाई है तो उसका रख-रखाव ऐसा हो कि उसकी उम्र बढ़कर 60 साल तक पहुंचे। लेकिन इन्होंने इस मद की तरफ कभी ध्यान

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

नहीं दिया। स्पीकर सर, यह ठीक है कि नॉन प्लान एक्सपेंडीचर जब बढ़ता है तो वह चिंता का विषय है। लेकिन मैं इसको चिंता का विषय नहीं मानता। मैं कोई अर्थशास्त्री नहीं हूँ लेकिन मैं एक बात समझता हूँ कि बहुत सी ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम अब तक प्लान में लेकर बैठे हुए हैं। जैसे 500 करोड़ की बुढ़ापा पैंशन हम प्लान से खर्चते हैं, मैं कहता हूँ कि this should be the part of non-plan expenditure. प्लान पर हम वह काम करें जिससे प्रोडैक्टिविटी हो और असैट्स क्रिएट हो सकें। जो इन्होंने कहा कि नॉन प्लान एक्सपैंडीचर बहुत बढ़ा है मैं कहना चाहूँगा कि जो 12वीं फाईनैंस कमीशन के मापदण्ड हैं उनको मद्देनजर रखते हुए हमारा जो फिसकल डैफीसिट है which is less then 3 percent i.e. 2.6% which is very much within the limit of the prescribed norms of the 12th Finance Commission. सर, एक इन्होंने यह कहा कि सबसिडी खत्म कर दी गई है। There is no much increase in the subsidy. सर, पिछले साल 1392 करोड़ रुपये की सबसिडी हमने दी थी और इन्होंने कहा कि सबसिडी कम कर दी है। अब की बार हमारी सबसिडी 1547 करोड़ रुपये है क्योंकि हमने अब की बार पावर सैक्टर में जो सबसिडी देनी थी या गांवों में रहने वाले लोगों के 1600 करोड़ रुपये बिजली के बिलों के मुआफ किए थे वह सारा भार हमारे ऊपर पड़ा, वह भी हमने इस मद के अन्दर रखा है। स्पीकर सर, दूसरी बात यह है कि जैसे इन्दौरा जी ने कहा है कि गवर्नमैंट का जो डैब्ट है, सरकार पर जो कर्जा है वह इन्क्रीज हुआ है। सर, इनके टाइम में जो बजट था वह 11-12 हजार करोड़ रुपये का होता था और हमारे टाइम में अगर वह बजट 18 हजार करोड़ रुपये होगा तो उसी परपोरशन से कुछ न कुछ तो हमारा डैब्ट का बर्डन बढ़ता है। लेकिन मैं फिर भी यह कह रहा हूँ कि जो डैब्ट का बर्डन हमारे ऊपर है that is with in the limit. जो प्रिस्क्राईब्ड लिमिट्स हैं हमने उनको क्रॉस नहीं किया है। जैसे कि बताया गया है कि जो टोटल जी०डी०पी० है the qantum of debt may be viewed with regard to the State GDP. In fact our debt liability has declined from 37.16% in 2003-04 to 31.99% in 2005-06. Actually, there is a decline but still we are to come down as far as debt liability is concerned और सर, एक बड़ा अजीब सा सवाल इन्होंने उठाया है, एक दो और मैम्बर्ज ने भी इसका जिक्र किया है कि इनके राज में सिर्फ 51 किलोमीटर सड़क बनी। सर, मेरे पास अभी दो महीने की फिगर्ज अवेलेबल नहीं हैं लेकिन दो महीने पहले तक जो हमने सड़कों की इम्प्रूवमैंट की है वह 3213 किलोमीटर है और 62 किलोमीटर की सड़क दो महीने में और बन चुकी हैं। हमारा जो ऐजैण्डा है उसके हिसाब से 31 तारीख तक जो रिपोर्ट आएगी उसमें यह और भी बढ़ी हुई मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ एक साथी ने यह कहा कि इनकी सड़कों का जो बजट है वह कम दिया गया है। एक दो और साथियों ने भी यह बात कही और डॉक्टर इन्दौरा साहब ने भी यह बात कही। सर, मैं आपको बताना चाहूँगा कि 2006-07 में हमारी जो बजट एलोकेशन थी वह 210 करोड़ रुपये प्लान साईड में थी और नॉन प्लान साईड में 67.17 करोड़ रुपये थी। सर, इसके अलावा जो हमारे बजट का हिस्सा नहीं है उनमें नॉन प्लान, सैन्ट्रल रोड फण्ड, प्राईम मिनिस्टर ग्रामीण सड़क योजना है और नैशनल हाईवे ऐन्ट्रस्टिड टू पी०डब्ल्यू०डी० ये तीन ऐजैंसिज which does not form the part of Budget. इसमें भी हमारे को वहाँ से पिछले साल 160 करोड़ रुपये मिले हैं और अब जो भारत निर्माण की योजना है उसमें मैंने पहले भी बताया था कि इसके तहत हमें वहाँ से 725 करोड़ रुपये से ज्यादा मिलेंगे। जो हरियाणा की सरकार का वर्ष 2020 का विजन है। The first Department, which may be far ahead of the time, would be the PWD (B&R), as far as roads connectivity is concerned. इनका यह कहना है कि हमें इसमें कम पैसा मिला है यह निरर्थक बात है। हमने इस साल में इस हैड में जो पैसा जुटाया है वह पिछले

साल से ज्यादा है। इन्होंने अनइम्पलाईड गारन्टी स्कीम की बात कही है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में मिनिमम वेजिज 100 रुपये है जबकि गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया की इन्स्ट्रक्शन के मुताबिक 90 रुपये प्रतिदिन मिनिमम वेजिज के तहत मिलेंगे। इसके अलावा हरियाणा में एग्रीकल्चर लेबर को लेटेस्ट रिवाईज के अनुसार 95 रुपये समथिंग मिलेंगे। इनका यह कहना कि इनको 90 रुपये के हिसाब से मिलेंगे, यह गलत है। अध्यक्ष महोदय, सबको पता है कि हरियाणा में सीवरेज बिछाने के लिए अभी दो जिले ही लिए गए हैं। आने वाले तीन सालों के समय में जब भारत के 600 के 600 जिले कवर हो जाएंगे तब हरियाणा के सभी जिले भी उसमें कवर हो जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, यह जो देश में रूरल इम्पलाईमैंट गारण्टी ऐक्ट आया है, यह सिर्फ श्रीमती सोनिया गाँधी जी की सोच का हिस्सा है। इस एक्ट के माध्यम से हमने आज के नौजवानों को बेरोजगारी वाली रट से बाहर निकालना है। जब यह एक्ट पूरी तरह से देश में लागू हो जाएगा तब इस एक्ट के माध्यम से 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये देश के दूरदराज क्षेत्रों के नौजवानों के हाथों में आ जाएगा और तब हमारे नौजवान कहेंगे कि हाँ, हम काम करना चाहते हैं and we are ready for any manual work. The State Government would be duty bound to provide them the jobs. If the Government would not be capable to provide them jobs then hundred days unemployment allowance should be given to that particular person. सर, मैं यह कहना चाहूँगा कि ये बहुत ही रैवोल्यूशनरी कदम है। सर, आज देश की जो सम्पदा है, धन है, लिक्विडिटी है वह चंद हाथों में घूम कर रह गयी है। इस स्कीम के माध्यम से उस धन का कुछ हिस्सा देश की जनता के हाथों में आ जाएगा। इसके साथ महोदय, मैं यह कहना चाहूँगा कि नई एक्साईज पालिसी आने के बाद रैवेन्यू में 16.75 करोड़ रुपये की इन्क्रीज आई है। ये कहते हैं कि यह इन्क्रीज इसलिए है क्योंकि शराब के ठेकेदारों का 33 प्रतिशत कोटा बढ़ा दिया गया है। यह बिल्कुल निराधार बात है। हमें यह इन्क्रीज कोटा बढ़ाने से नहीं मिली है। इस बारे में अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहता हूँ कि इनके राज में एक सिस्टम था, जो शराब की दुकानें बेची जाती थीं, वह सिर्फ 5 या 6 बड़े लोगों को या ज्यादातर इनके रिश्तेदार या मिलने वालों को ही दी जाती थी। आप चाहें तो इस बारे में पिछले पांच साल का रिकार्ड उठाकर देख लें। इस वजह से इनके समय में 3 या 4 प्रतिशत से ज्यादा की इन्क्रीज रैवेन्यू में नहीं हुई थी।

उद्योग मंत्री (श्री लक्ष्मण दास अरोड़ा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में बताना चाहूँगा कि दो साल पहले सारा हरियाणा बिल्लू के पास था।

श्री बीरेन्द्र सिंह : यह बिल्लू कौन था?

श्री लक्ष्मण दास अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, 2 साल पहले चौटाला के लड़के के पास सारे हरियाणा के ठेके थे।

श्री बीरेन्द्र सिंह : हमने तो उस मोनोपोली को तोड़ा है। स्पीकर सर, मैंने जैसे पहले बात कही कि वे क्रिमनल को या गैंगस्टर को तो हरियाणा में नहीं बना सके क्योंकि लोगों की भावनाओं के मुताबिक वोट के जोर से वह तोड़ दिया गया लेकिन लीकर माफिया जरूर बनाने में वे कामयाब हो गये परन्तु उसको भी हमने तोड़ा है और डंके की चोट पर तोड़ा है। मैं इस बारे में मुख्यमंत्री जी के लिए भी यह कहूंगा कि इनका बहुत बड़ा दिल है वरना तो ये ठेकेदार तो इन तक भी पहुंच गए होते। ये लोग हर जगह पहुंच जाते हैं। मुझे तो पता नहीं कि कौन पोंटी चड्ढा है या उसका क्या पूरा नाम है? लेकिन अगर वह पोंटी चड्ढा भी होगा तो अब तो ये हजारों की संख्या में होंगे और इसमें हमें कोई ऐतराज भी

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

नहीं है क्योंकि एक-एक बैंड पर कम से कम दस लोगों को रोजगार मिलता है। अगर ये चार से ज्यादा दुकानें होंगी तो इस तरह से हरियाणा के चालीस हजार आदमियों को काम मिलेगा। पहले तो सब कुछ एक ही हाथ में होता था और कुछ लोग ही डिस्ट्रिक्ट बांट लेते थे। किसी को पांच जिले चले जाते थे किसी को 6 जिले चले जाते थे और इसके बाद ये लोग राजनीति में हस्तक्षेप करते थे। स्पीकर सर, हम जानते हैं कि किस प्रकार से इनका हस्तक्षेप तीखा होता था और किस प्रकार से वे एम०एल०एज० और मंत्रियों को एप्रोच करके मनमानी करने की कोशिश करते थे। लेकिन ऐसे कारटल को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्री जी की भूमिका की सारे सदन को सराहना करनी चाहिए।

श्री लक्ष्मण दास अरोड़ा : स्पीकर सर, मैं एक बात सबमिट करना चाहूँगा। मुझे एक मिसाल याद आ गयी। चौटाला साहब जींद रैस्ट हाउस में बैठे थे। उनके साथ उनके दस बारह एम०एल०एज० भी बैठे हुए थे। वहां प्रैस वाले आकर कहने लगे कि चौटाला साहब आप कब अपनी कैबिनेट में एक्सपैंशन कर रहे हो। वे कहने लगे कि मैं तो ईब कर दूँ लेकिन कोई मंत्री बनना ही नहीं चाहता। प्रैस वाले कहने लगे कैसे? चौटाला साहब बोले, भाई इन्दौरा तूं बनना चाहवे के, डॉ० तू बनना चाहवे के, वे कहन लागे ना जी, मैं तो पहले ही मुख्यमंत्री हूँ, मैं मंत्री क्यों बनूं। वे जिसको भी पूछे वही कहने लगे न जी, मैं तो पहले ही मंत्री हूँ। वहां पर एक प्रैस वाला बोल पड़ा और बोला कि जी मेरे को एक बात याद आ गयी कि एक बार बादशाह अकबर को किसी ने कह दिया कि बकरी कभी भी धापती नहीं है हर रोज खाए ही जाती है और मिंगन करे जाती है। वह अकबर से बोला कि बकरी धपाकर दिखा दो। बादशाह अकबर ने ऐलान कर दिया कि जो बकरी को धपाएगा उसको मैं ईनाम दूँगा। सब कहने लगे कि यह तो मामूली सी बात है। कई लोग बकरी को ले गए और दो दिन रखने के बाद ले आए लेकिन बकरी धापे न। सब लोग तंग आ गए कि बकरी धापती नहीं है। अकबर ने इसके बाद बीरबल से कहा कि तू यह काम कर। बीरबल बोला कि मैं तो धपाऊँगा जी। बीरबल बकरी को ले गया और जाकर एक हरी घास मंगाकर बकरी के आगे डाल दी। बकरी जब मुँह मारने लगी तो उसके मुँह पर डंडा मारा। थोड़ी देर बाद उसने फिर घास उसके नजदीक कर दी बकरी फिर मुँह मारने लगी लेकिन उसने फिर डंडा मारा। मतलब चार पाँच बार उसने ऐसा ही किया फिर तो बकरी घास से डरने लगी। जब दो दिन के बाद उसने देखा कि अब यह बकरी घास नहीं खाएगी तो बीरबल बादशाह सलामत से बोला कि बादशाह सलामत मैं इस बकरी को धपा लाया हूँ। अकबर बोला कि लाओ भई घास लाओ। बहुत बढ़िया घास लाई गयी और बकरी के आगे रखी गयी। बकरी पीछे हट ले। लोग बकरी को खींचकर आगे करें लेकिन बकरी पीछे हटती ही जाए। तो इसी तरह से इनके एम०एल०एज० कहने लगे कि हम मंत्री नहीं बनना चाहते।

श्री बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर सर, दूसरा इन्होंने आब्जैक्शन यह किया है कि जो सैंट्रली स्पोंसर्ड स्कीम्ज हैं या जो बड़े प्रोजैक्ट्स हैं वह हम अपने राज्य में लाने में नाकामयाब रहे हैं। स्पीकर सर, मैं इस बारे में ज्यादा बात नहीं करूँगा क्योंकि मुख्यमंत्री जी ने अपनी इंटरवैंशन करके उस वक्त बता दिया था कि कौन-कौन से ऐसे प्रोजैक्ट्स हैं जो हमें ऑफर तो हुए हों और हमने छोड़ दिए हों। हरेक प्रोजैक्ट हम लेकर आए हैं। बहुत बड़े-बड़े प्रोजैक्ट हैं हजारों की संख्या में बच्चों को रोजगार भी उनके माध्यम से मिलेगा। श्री रामकुमार गौतम जी ने एक सवाल उठाया कि हैल्थ के बजट में ऐलोकेशन कम की है। मैं उनको यह बताना चाहता हूँ कि हैल्थ के बजट में ऐलोकेशन पिछले साल 102 करोड़ रुपये थी जो हमने बढ़ाकर 114 करोड़ कर दी है, यह ऐलोकेशन प्लान साईड की है। इसके अलावा जो टोटल

नॉन-प्लान का और प्लान का साईज है वह भी बहुत बढ़ा है। अब यह 565 करोड़ रुपये है जबकि पिछले साल यह सिर्फ 474 करोड़ रुपये था। इसमें आप यह अंदाजा लगाएं कि कम से कम इसमें 100 करोड़ रुपये का इन्क्रीज किया गया है। इसके साथ-साथ मैं इनको यह भी बताना चाहूँगा कि जो दूसरी स्कीम्ज हैं जैसे टी०बी० रेडीकेशन की स्कीम और ऐड्ज कंट्रोल प्रोग्राम हैं, या जो सैण्ट्रली स्पोंसर्ड प्रोग्राम हैं उनके लिये बजट से अलग हमें कुल 27-28 करोड़ रुपया मिलता है। इसके अलावा जो आर०सी०एच०-2 स्कीम है उसके लिए हमें 350 करोड़ से ज्यादा पैसा मिलता है जोकि इस बजट का हिस्सा नहीं बनता। यह सारा पैसा भारत सरकार से आता है। जो सारी तनख्वाहें भी दी जाती हैं और दूसरे खर्चे भी किए जाते हैं तो वह सब इस स्कीम के तहत ही होते हैं। इसमें सारा पैसा भारत सरकार का होता है। हैल्थ से संबंधित जो प्रोग्राम हैं उनको हम प्राथमिकता के आधार पर लेकर चल रहे हैं जैसा कि स्वास्थ्य मंत्री महोदया जी ने कहा कि जहां-जहां रिमोट ऐरिया है, जहां पर हम पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करने में फिलहाल कामयाब नहीं होते, वहां पर हम यह इन्श्योर करेंगे कि वहां पर मोबाईल होस्पिटल के माध्यम से हर आदमी तक स्वास्थ्य सुविधा को पहुँचाया जाए। ऐसी जगहों पर दवाई, डॉक्टर और जरूरी इलाज के लिए इस मोबाईल होस्पिटल को हम जरूर पहुँचाएंगे। इसी प्रकार से जो डिलीवरी हट्स की स्कीम है वह बहुत पापुलर हो रही है। पिछले 35 साल से जब से मैंने इस हाउस में आना शुरु किया है तब से मैं एक ही बात कहता आ रहा हूँ लेकिन मेरी बात जब भी कोई नहीं मानता था और आज भी कोई नहीं मानता। वह बात यह है कि मैं यह कहता हूँ कि डॉक्टर्ज जो हैं इनके दो कॉडर बना देने चाहिएं। एक कॉडर तो ऐसा हो जो रूरल कॉडर हो और जिन्होंने केवल रूरल एरिया में ही अपनी सर्विस करनी होगी। जब इनकी भर्ती के लिए एडवर्टाइजमैंट दी जाए तो कहा जाए कि यह टोटली रूरल कॉडर है जिसको लगना है तो लगो, आपकी मर्जी है। इसी प्रकार से रूरल कॉडर की जो नर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर हैं, they should be employed for rural areas and there should be another cadre for urban areas. अगर ऐसा कोई प्रवधान कर दें तो अच्छा रहेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि पहले ऐसा होता रहा है कि 6-6 डॉक्टर एक सी०एच०सी० के दूसरी जगह शहरों में काम करते थे कोई करनाल में, कोई पानीपत में, कोई अम्बाला के अस्पताल में और वे तनख्वाह लेते थे किसी गाँव की पी०एच०सी० से या सी०एच०सी० से। गरीब आदमी और गाँव के लोगों के साथ इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है? हमने इस पर रोक लगाई है। ऐसी जो प्रैक्टिस चल रही है वह यह सरकार चलने नहीं देगी। जो डॉक्टर गाँव में एप्वांट किया जाता है तो उसको गाँव में ही काम करना पड़ेगा। स्पीकर सर, श्री रणबीर सिंह महेन्द्रा जी ने एक्साईज पोलिसी के बारे में एक सवाल उठाया था कि पंजाब में और चण्डीगढ़ में लिकर पर एक्साईज ड्यूटी कम है जबकि वहां पर वैट लागू है और हमारे यहां वैट से यह एग्जैम्पट है। इसके लिए मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि सरकार ने जो नई एक्साईज पोलिसी बनाई है उसमें हमने कण्ट्री लिकर पर एक्साईज ड्यूटी 13 रुपये से घटाकर 5 रुपये कर दी है और जो अंग्रेजी शराब है उस पर एक्साईज ड्यूटी 43 रुपये से घटाकर 25 रुपये कर दी है। हमने एक्साईज ड्यूटी घटाई है लेकिन फिर भी हमें इससे ज्यादा एक्साईज का पैसा मिलेगा, ऐसा हमारा अनुमान है। स्पीकर सर, बहुत से माननीय सदस्यों ने बिजली के बारे में अनेकों सवाल उठाये। इसके बारे में यही जवाब तो माननीय श्री विनोद शर्मा जो बिजली मंत्री हैं, वे डिटेल में बता सकते थे लेकिन मैं भी इसके बारे में माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ। श्री नरेश मलिक जी ने बिजली के अनुबन्ध के बारे में सवाल उठाया, उसकी चर्चा मैं जरूर करना चाहूँगा। स्पीकर सर, मैं यह बताना चाहता हूँ कि हरियाणा प्रदेश में दो तरह के बिजली के संयंत्र लगे हुए हैं। एक तो वे हैं जो सरकारी संस्थानों द्वारा लगाये जाते हैं और दूसरे

[श्री बीरेन्द्र सिंह]

वे हैं जो प्राईवेट सैक्टर द्वारा लगाये जाते हैं जिनमें पैसा भी उन्हीं का होता है। सरकार तो उनको सिर्फ सुविधाएं ही देती है जैसे उनको जमीन दिलवाने में मदद करना या क्लीयरैंस में मदद करना आदि। फिर भी इस बजट में हमने 465 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है कि अगर कहीं इक्विटी में हमें पार्टिसिपेशन करना पड़ेगा तो हम करेंगे। 465 करोड़ रुपये का मतलब यह है कि यदि किसी 2000 करोड़ रुपये के प्लांट में हमें पार्टिसिपेशन करना पड़ा तो हम 20 प्रतिशत हिस्से के साथ इक्विटी पार्टिसिपेशन कर सकते हैं। अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद के 1000 मेगावाट के गैस बेस्ड थर्मल पावर प्लांट के बारे में किसी साथी ने पूछा था कि इस पर क्या कार्यवाही चल रही है। इस बारे में मैं बताना चाहूँगा कि इस प्लांट के लिए जमीन उपलब्ध करवा दी गई है और गैस का भी अरेंज हो गया है। यह चर्चा सुनने में आई थी कि कोई कह रहा है कि गैस की कमी है। मैं बताना चाहूँगा कि gas is being arranged. गेल कंपनी के साथ हमारा एग्रीमैंट हुआ है जिसमें उन्होंने एश्योर किया है कि वे गैस उपलब्ध करवायेंगे। स्पीकर सर, भाई नरेश यादव ने भी एक प्रश्न उठाया था कि इस प्लांट की बिजली दूसरे प्रदेशों में चली जायेगी।

बैठक का समय बढ़ाना

Mr. Speaker : Is it the sense of the House that the time of the House be extended for half an hour.

Voices : Yes, Yes.

Mr. Speaker : Time of the House is extended by half an hour.

वर्ष 2006-07 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

Shri Birender Singh : Who will bye-pass from the private sector? स्पीकर सर, इसमें बड़ा स्पष्ट है कि प्राईवेट सैक्टर में जो भी प्लांट लगेगा उसकी 30 प्रतिशत बिजली प्रदेश से बाहर भेजी जा सकती है और बाकी की 70 प्रतिशत बिजली प्रदेश के लिए एवेलेबल होगी। यदि हमारे प्रदेश में 1000 मेगावाट का कोई प्लांट लगेगा तो 700 मेगावाट बिजली हरियाणा के लिए एवेलेबल होगी और 300 मेगावाट बिजली वे दूसरे प्रदेशों को दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त मैं बताना चाहूँगा कि यमुनानगर का थर्मल पावर प्लांट मार्च, 2008 तक तैयार हो जाएगा जिससे प्रदेश को 600 मेगावाट बिजली मिलेगी। इसके अतिरिक्त जो कोल बेस्ड थर्मल प्लांट हिसार में लगाना है उसका इनीशियल वर्क शुरू हो गया है। यह जो हमारा प्रोजैक्ट है it is in the pipe line. उस पर भी हम जल्दी ही काम

11.00 बजे

